www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष –9 । अंक–286 । सागर, बुधवार 4 दिसम्बर 2024 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

युवा वर्ग तनाव जैसी समस्याओं से ग्रसित, योग इसे दूर करने की अचूक औषधि: विष्णु आर्य पृष्ठ 2
एक नए राजनैतिक नक्षत्र का उभार
नकली भारतीय मुद्रा की बढ़ती संख्या से अर्थव्यवस्था के अस्थिर होने का खतरा पृष्ठ 4
2 ट्रैक्टर व एक ट्रॉली जप्त कर मालिकों व चालकों के खिलाफ बनाया प्रकरण पृष्ठ 6
स्कूल परिसर के पीछे मिला नवजात शिशु का जली अवस्था में शव, पुलिस जांच में जुटी पृष्ठ 8

## सार समाचार

### सीबीआई के पूर्व निदेशक विजय शंकर का निधन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के पूर्व निदेशक विजय शंकर का मंगलवार सुबह ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में निधन हो गया। यह जानकारी उनके परिवार के एक करीबी सदस्य ने दी है। परिवार के सदस्य ने बताया कि शंकर की अंतिम इच्छा के अनुसार उनके अवशेष एम्स को दान किए जा रहे हैं। विजय शंकर तिवारी 1969 बैच के यूपी कैडर के आईपीएस अधिकारी थे। उन्होंने दिसंबर 2005 से जुलाई 2008 तक जांच एजेंसी सीबीआई के निदेशक रहे है।

### राहुल ने चक्रवात से उपजी त्रासदी पर जताया शोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने तमिलनाडु में चक्रवाती तूफान के कारण लोगों को हुई जान–माल की हानि पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से राहत और बचाव में प्रशासन की मदद करने का आग्रह किया है। श्री गांधी ने यहां जारी एक बयान में कहा, तमिलनाडु में चक्रवात फेंगल की विनाशकारी खबर। इस त्रासदी के दौरान अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ भी हैं जिनके घर और संपत्ति को नुकसान पहुंचा है।

### कश्मीर के ऊंचे इलाकों में हुआ हिमपात

**श्रीनगर, एजेंसी।** सोनमर्ग सहित कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में ताजा हिमपात हुआ, जबकि कुछ मैदानी इलाकों में रात भर बारिश हुई। मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सोनमर्ग में मंगलवार को हल्की बर्फबारी हुई।

चुनाव आयोग से मिले कांग्रेस नेता, आशंकाओं पर मांगा विस्तृत विवरण, कहा-

# चुनाव में पारदर्शिता व विश्वास बहुत जरूरी

- मतदान के अंतिम आंकड़ें में होता है बड़ा अंतर
- महाराष्ट्र में 118 विधानसभा क्षेत्रों में वोटर बढ़े



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग से मुलाकात कर हाल में महाराष्ट्र तथा अन्य राज्यों में हुए चुनावों से जुड़ी अपनी आशंकाओं को लेकर आज ज्ञापन सौंपा और इस पर जल्द से जल्द विस्तृत जवाब देने की मांग की ताकि देश की चुनाव प्रणाली की पारदर्शिता पर लोगों का विश्वास कायम रहे।

चुनाव आयोग से मिलने गए कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी, राज्यसभा सांसद मुकुल वासनिक,महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले, पार्टी के संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा, प्रवीण चक्रवर्ती, गुरदीप सप्पल, शशिकांत सेंथिल, ओमर होडा तथा संजीव सिंह शामिल थे। श्री सिंघवी ने चुनाव आयोग से मुलाकात के बाद निर्वाचन सदन के बाहर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा चुनाव आयोग से करीब डेढ़ से 2 घंटे तक व्यापक वार्ता हुई है और उनसे बातचीत में कहा गया कि चुनाव में पारदर्शिता और विश्वास बहुत जरूरी है अन्यथा यह लोकतंत्र पर आघात होता है। आयोग से मांगे गए सारे डाटा उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। इस डाटा के मिलने से यह पता चल जाएगा कि महाराष्ट्र में इतने बड़े पैमाने पर लोगों के नाम वोटर लिस्ट से कैसे हटाए और जोड़े गए हैं। उन्होंने कहा कई जगह ऐसे प्रमाण मिले हैं कि एक व्यक्ति के नाम से दो से ढाई सौ लोगों के नाम हटाए गए हैं। यह साबित करता है कि चुनाव प्रक्रिया को विकृत किया जा रहा है। इसमें एक मुद्दा यह भी था कि लोकसभा के चुनाव के बाद उसी क्षेत्र में पांच माह बाद लगभग 3 लाख कम नाम वोटर लिस्ट में पाए गए।

### चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की सुनवाई से हटे प्रधान न्यायाधीश

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से जुड़े मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है। मामले की सुनवाई 6 जनवरी से शुरू होगी और इसके लिए नई बेंच का गठन किया जाएगा। 2 मार्च 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया था, जिसमें कहा गया था कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्ति तीन सदस्यीय पैनल की तरफ से की जाएगी। इसमें प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस शामिल होंगे। सुप्रीम कोर्ट की 5 सदस्यीय बेंच ने यह फैसला सुनाया था। इसमें सीजेआई संजीव खन्ना भी शामिल थे, तब वे सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस थे। हालांकि 21 दिसंबर 2023 को सरकार ने एक नया विधेयक पारित किया, जिसमें चीफ जस्टिस को पैनल से हटा दिया गया और उनकी जगह एक केंद्रीय मंत्री को शामिल किया गया। इसे प्रधानमंत्री चुनेंगे। केंद्र सरकार के इसी फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कांग्रेस कार्यकर्ता जया ठाकुर ने याचिका दायर की है।

महाराष्ट्र में शपथ ग्रहण से पहले सियासी हलचल

## शिंदे से फिर मिले फडणवीस

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में महायुति सरकार के शपथ ग्रहण समारोह से पहले सियासी हलचल तेज हो गई है। भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मिलने के लिए उनके आधिकारिक निवास वर्षा बंगले पर पहुंचे हैं। दोपहर में कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई थी। इसके बाद वह कुछ आधिकारिक बैठकों के लिए वर्षा बंगले पर पहुंचे थे। सीएम शिंदे ने महायुति सरकार के शपथ ग्रहण की तैयारियों के साथ 6 दिसंबर को बाबासाहेब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस को लेकर अधिकारियों से बातचीत की थी।

**आज भाजपा विधायक दल की बैठक**

एकनाथ शिंदे पिछले गुरुवार से सर्दी–बुखार के बाद अस्वस्थ हैं। उनके गले में इंफेक्शन है। डॉक्टरों के अनुसार बुखार के कारण उन्हें कमजोरी आई है। उन्होंने सीएम शिंदे को आराम करने की सलाह दी है। फडणीस ऐसे वक्त पर एकनाथ शिंदे से मिलने पहुंचे हैं जब महायुति में सरकार के फॉर्मूले को लेकर तनातनी और नाराजगी की बातें सामने आ रही हैं। भाजपा ने विधायक दल के नेता का चुनाव करने के लिए बुधवार की सुबह 10 बजे विधायकों की बैठक बुलाई है। इसके लिए केंद्रीय आलाकमान में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रुपाणी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पर्यवेक्षक बनाया है। इसमें भाजपा के विधायक अपने नेता का चुनाव करेंगे। इसके बाद नेता का ऐलान होगा। भाजपा की तरफ से देवेंद्र फडणवीस दावेदार हैं। तो वहीं दूसरी तरफ महायुति की नई सरकार में शिवसेना की तरफ से गृह विभाग मांगे जाने की चर्चा है।

मुख्यमंत्री ने बालाघाट में नक्सल गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्य योजना पर की चर्चा, कहा-

# नक्सल गतिविधियों के नियंत्रण में जीरो टॉलरेंस की नीति का हो पालन



**बालाघाट/भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नक्सल गतिविधियों पर नियंत्रण के लिये जीरो टॉलरेन्स की नीति अपनाई जाये। उन्होंने नक्सल प्रभावी क्षेत्रों में गश्त बढ़ाते हुए मुखबिर व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 36वीं बटालियन, हॉक फोर्स सहित सभी स्पेशल फोर्स एक्टिव होकर जिम्मेदारी से कार्य करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को बालाघाट में नक्सल गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई को लेकर जन–प्रतिनिधियों, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने आईजी संजय सिंह एवं पुलिस अधीक्षक नागेंद्र कुमार द्वारा जिले में नक्सल गतिविधियों के उन्मूलन के उद्देश्य से तैयार की गई योजना के प्रेजेंटेशन का अवलोकन भी किया। बैठक में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा एवं बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह, पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री लखन पटेल, सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक गौरव पारधी, विधायक राजकुमार कर्राहे, विधायक मधु भगत, विधायक विक्की पटेल, पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे, पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, संभागायुक्त अभय वर्मा, कलेक्टर मृणाल मीना सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## इंडिया गठबंधन ने संसद के द्वार पर किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से इंडिया समूह के नेताओं की वार्ता के बाद भी मंगलवार विपक्षी सदस्यों ने संसद भवन के बाहर मकर द्वार पर ज़बरदस्त प्रदर्शन किया। संसद की कार्यवाही शुरू होने से ठीक पहले विपक्षी दलों के सदस्यों ने मकर द्वार के बाहर प्रदर्शन किया और सरकार से कहा कि वह जनता के मुद्दों पर संसद में चर्चा करें और मनमानी से नहीं बल्कि सभी की सहमति से सांसद को चलाने का काम करे। इससे पहले इंडिया समूह के नेताओं ने मोदी अडानी एक है का बैनर लेकर प्रदर्शन किया और कई सदस्य हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर इसमें शामिल हुए।



## सार-समाचार

### किराना दुकानों का खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने किया औचक निरीक्षण



**दमोह, देशबन्धु।** डीओ खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने हटा नगर में फुटकर किराना दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इसमें में चौराहा के पास स्थित प्रियांक ट्रेडर्स का निरीक्षण किया। उक्त परिसर में विक्रय के लिये संग्रहित मोहनी ब्रांड चायपत्ती के नमूनें जांच हेतु लिये। इसी तरह राय चौराहा स्थित सुहाने ब्रदर्स का निरीक्षण किया। परिसर में संग्रहित डाबरी ब्रांड चायपत्ती एवं लिप्टन ब्रांड ग्रीन टी के नमूनें जांच हेतु लिये। इन खाद्य पदार्थों के नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। निरीक्षण के दौरान किराना दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों का वार्षिक मेडिकल सर्टिफिकेट मौके पर नहीं पाये जाने पर प्रमाण पत्र बनवाने के निर्देश दिये। निरीक्षण में सुहाने ब्रदर्स के परिसर में एक्सपायरी डेट के मसाले, चायपत्ती, सेवइयां, डालडा, नमकीन एवं अन्य खाद्य सामग्री की कुल मात्रा 23 किलोग्राम जिसका बाजार मूल्य 3,827 रुपये का विनष्टीकरण किया। किराना दुकान संचालक को परिसर में एक्सपायरी डेट के किसी भी प्रकार की खाद्य सामग्री का संग्रह एवं विक्रय नहीं करने के निर्देश दिए।

### रोटरी क्लब दमोह ग्रेटर ने प्रदाय किया ग्लो साइन बोर्ड

**दमोह, देशबन्धु।** रोटरी क्लब दमोह ग्रेटर ने अपने सेवाभावी कार्यों की श्रृंखला में पुलिस लाइन स्थित कार्यालय रक्षित निरीक्षक, रक्षित केंद्र, दमोह को ग्लो साइन बोर्ड प्रदाय किया। इस ग्लो साइन बोर्ड को रोटरी क्लब दमोह के सदस्यों की उपस्थिति में कार्यालय रक्षित निरीक्षक रक्षित केंद्र में लगवाया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब दमोह के अध्यक्ष राकेश अहिरवाल, कोऑर्डिनेटर संजय जैन अरिहंत एवं कार्यालय रक्षित निरीक्षक रक्षित केंद्र दमोह के स्टाफ मेंबर्स उपस्थित थे। अध्यक्ष बोले क्लब के सेवाभावी कार्य निरंतर इसी तरह जारी रहेंगे।

### विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन कल

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन कल 5 दिसंबर को अपराह्न 3 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया जाएगा। उक्त समीक्षा बैठक में परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास समेत समस्त पर्यवेक्षक एवं ब्लॉक समन्वयक उपस्थित होंगे। बैठक में विभागीय योजनाओं की लक्ष्य एवं पूर्ति, एनआरसी, सेम से नार्मल आये बच्चों की समीक्षा, सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा, पोषण ट्रेकर की समस्त रिपोर्ट की समीक्षा, आंगनबाड़ी भवन की विस्तृत समीक्षा के साथ-साथ अन्य समसामयिक समस्त विभागीय बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी।

### एक दिवसीय आनंद अल्पविराम कार्यशाला का शुभारंभ 18 से

**सागर, देशबन्धु।** जिले के समस्त विकासखंडों में शासकीय अधिकारी कर्मचारियों के लिये आनंद की अनुभूति कराने तथा उनकी दैनिक दिनचर्या में सकारात्मकता का भाव बढ़ाने की दृष्टि के लिये अलग-अलग विभाग जिसमें पुलिस, राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला बाल विकास, नगर पालिका, पंचायत, वन विभाग, कृषि विभाग के कुल 60 कर्मचारियों के लिये एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला किया जाना है। यह कार्यशाला प्रत्येक विकासखंड की जनपद सभागार में अलग-अलग तिथि अनुसार प्रात: 10 बजे से शाम 5.30 तक होगी। कार्यशाला का शुभारंभ 18 दिसंबर से प्रारंभ होकर 13 जनवरी 2025 तक चलेगा।

### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर आयोजित हुई प्रतियोगिता

**सागर, देशबन्धु।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण द्वारा विगत वर्ष की भांति विश्व दिव्यांग दिवस पर विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर 3 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के उपलक्ष्य में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में विजयी छात्र-छात्राओं को 9 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ उ.मा. विद्यालय पण्डापुरा सागर में किया जाएगा।

# युवा वर्ग तनाव जैसी समस्याओं से ग्रसित, योग इसे दूर करने की अचूक औषधि: विष्णु आर्य

## ध्यान एवं योग पर 15 दिवसीय कार्यशाला का हुआ शुभारंभ



**सागर, देशबन्धु।** शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता के निर्देशन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना व एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में पंद्रह दिवसीय ध्यान एवं योग कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षक के रूप में योगाचार्य विष्णु आर्य ने विद्यार्थियों को योग का जीवन में महत्व पर विस्तृत व्याख्या की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये योगाचार्य विष्णु आर्य ने कहा कि योग न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है वरन यह आध्यात्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है और हमें आध्यात्म से जोड़ता है। वर्तमान भौतिकवादी युग में युवा वर्ग तनाव जैसी समस्याओं से ग्रसित है और योग इस बीमारी को दूर करने की अचूक औषधि है। सभी विद्यार्थियों को अपने जीवन में योग को अपनाना चाहिये। महाविद्यालय में आयोजित इस कार्यशाला के अंतर्गत योगाचार्य विष्णु आर्य 15 दिन तक विद्यार्थियों को योग के विभिन्न आसन और मुद्राओं के साथ प्राणायाम का ज्ञान तथा अभ्यास करायेंगे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने योग ध्यान प्रशिक्षण के महत्व से विद्यार्थियों को परिचित करवाया एवं योग को अपने जीवन की नियमित गतिविधियों में सम्मिलित करने की बात कही। इस अवसर पर डॉ. राणा कुंजर सिंह ठाकुर, जय नारायण यादव, डॉ. अभिलाषा जैन, डॉ. संगीता मुखर्जी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मानसिक दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन




**बीना, देशबन्धु।** प्रताप वार्ड में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर अंजनी जन कल्याण संस्थान समिति की ओर से संचालित समर्थ केंद्र में मानसिक दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें मानसिक दिव्यांग बच्चों ने राष्ट्रगीत एवं सामाजिक गीतों पर अपनी प्रस्तुति दी। मानसिक दिव्यांग पूजा, तषि छावड़ा, भावना सेन सहित अन्य बच्चों ने मनमोहक नृत्य किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष लता सकवार, विशेष अतिथि जनपद उपाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह ठाकुर रहे। इस अवसर पर लता सकवार ने कहा कि मानसिक दिव्यांग बच्चे भगवान के समान होते हैं और हमें ऐसे बच्चों की सेवा करने से भगवान की पूजा के बराबर फल मिलता है। अमर प्रताप सिंह ठाकुर ने कहा कि संस्था की ओर से दिव्यांगों की सेवा की जा रही है। बहुत ही सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों को गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। 35 मानसिक दिव्यांग बच्चों का डॉक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया, सभी को दवाइयां दी गईं। फिजियोथैरेपिस्ट मनीषा सिंह राजपूत ने सभी दिव्यांग बच्चों की फिजियोथैरेपी की और उपस्थित अभिभावकों को मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर संस्था संचालक नंदराम कुशवाहा ने बताया कि हमारी संस्था में मानसिक दिव्यांग बच्चों को दैनिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में समग्र विस्तार अधिकारी शुभम पांडे ने शासन की योजनाओं की जानकारियां दी। इस अवसर पर जनपद सदस्य लक्ष्मीबाई कुशवाहा, मनोज शर्मा, संजय सिंह ठाकुर, जितेंद्र बोहरे, गौरी शंकर राय, वैभव दुबे, नवीन साहू सहित अन्य लोग शामिल थे।

## अग्निवीर सेना भर्ती रैली 5 से 13 जनवरी तक सागर में होगी



**सागर, देशबन्धु।** अग्निवीर सेना भर्ती रैली का आयोजन सागर जिला मुख्यालय स्थित इंदिरा गांधी शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में 5 से 13 जनवरी तक किया जायेगा। इस रैली में 10 जिलों शिवपुरी, दतिया, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुर, सागर, टीकमगढ़, निवाड़ी और छतरपुर के अभ्यर्थी भाग लेंगे। रैली की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाने के लिये कलेक्टर संदीप जीआर ने अधिकारियों को अलग-अलग दायित्व सौंपे हैं। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय को रैली का नोडल अधिकारी और जिला रोजगार अधिकारी अंगूरी ठाकुर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल को रैली स्थल पर 24 घंटे पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिये हैं। भर्ती से बाहर हुये अभ्यर्थियों को तत्काल रैली स्थल से बाहर भेजने की जिम्मेदारी भी उन्हीं की होगी। जिला पंचायत सीईओ को स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। निगमायुक्त को 20-25 चलित शौचालय और उनकी साफ सफाई के साथ फायर ब्रिगेड की व्यवस्था करनी होगी। अधीक्षण यंत्री एमपीईबी सागर को अस्थायी विद्युत कनेक्शन और रैली स्थल पर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का दायित्व सौंपा है। वन मंडल अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, सीएमएचओ, नगर दंडाधिकारी, परियोजना अधिकारी डूडा, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी, जिला ई.गवर्नेंस प्रबंधक, और अन्य संबंधित अधिकारियों को विभिन्न कार्य सौंपे हैं।

## मेरा स्वास्थ्य-मेरा अधिकार विषय पर निबंध प्रतियोगिता हुई आयोजित



**बीना, देशबन्धु।** शास. कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की देखरेख में रेड रिबन क्लब के अंतर्गत मेरा स्वास्थ्य-मेरा अधिकार विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य चंदा रत्नाकर ने छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि स्वास्थ्य एक मूल्यवान संपत्ति है। इसको सुरक्षित रखना हमारा दायित्व है। जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिये हमें स्वस्थ्य पोषण, पर्याप्त हीमोग्लोबिन और पोशक युक्त खाद्य पदार्थों की आवश्यकता है, ताकि हम अपने जीवन को सुरक्षित रख सकें। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उमा लवानिया ने कहा कि हमारा स्वास्थ्य हमारी धरोहर है। हमें अपने जीवन को उपयोगी बनाने के लिये स्वस्थ रहना आवश्यक है। हमें अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखना होगा। योग, भ्रमण और शाकाहारी भोजन लेना होगा। निबंध प्रतियोगिता प्रभारी नीता नामदेव ने कहा कि छात्राओं ने जो निबंध में स्वास्थ्य जागरूकता के संबंध में लिखा है उसे अपने व्यक्तिगत जीवन में अमल करना है। प्रतियोगिता में प्रथम पूनम अहिरवार, द्वितीय शिवानी कुशवाहा, समीक्षा दीक्षित, तृतीय करिश्मा लोधी एवं रोशनी कुशवाहा रहीं। कार्यक्रम में डॉ. दीपमाला सिंह, मनीता राजपूत, प्रकाश चंद्र, विकास एरंजना, अश्विन सेन सहित छात्रायें मौजूद रहीं।

## वन अमले ने अतिक्रमण हटाया



**खुरई, देशबन्धु।** गढ़ौला जागीर गांव में वन भूमि पर कब्जा करने के कारण लोगों को आने-जाने में हो रही परेशानी को देखते हुये वन विभाग की टीम ने जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाया। ग्रामीणों ने वन विभाग को ज्ञापन सौंपकर गांव के वार्ड नंबर एक से अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। ग्रामीणों का कहना था कि जिस गली में से अतिक्रमण होने से पहले आसानी के साथ दो ट्रैक्टर एक साथ निकल जाते थे, वहां से अब एक ट्रैक्टर भी निकालने में परेशानी हो रही है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि शंकर जी के मंदिर के पास दो प्लॉट की जगह जमना प्रसाद अहिरवार ने खरीदी थी। इसके बाद उन्होंने वहां खाली पड़ी जगह पर भी कब्जा कर लिया। साथ ही पंचायत की तरफ से बनाये गये कचरे घर की जमीन को भी अपने कब्जे में ले लिया। ग्रामीणों की शिकायत के बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाया। खुरई रेंजर चंद्रभूषण सिंह ठाकुर ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा शिकायत के आधार पर टीम को भेजकर मौके से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है और रास्ता पूरी तरीके से अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया है।

## संविधान स्वाभिमान पदयात्रा का हुआ आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** संविधान दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर सागर शहर में एक 6 किलोमीटर लंबी संविधान स्वाभिमान पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा संविधान समिति के सदस्य रहे डॉ. हरीसिंह गौर को सम्मान देने और विकलांग एवं वृद्धजनों की पेंशन में बढ़ोतरी की मांग को लेकर जनजागृति पैदा करने हेतु आयोजित की गई। इसके साथ ही अधिवक्ता दिवस और विकलांगता दिवस के अवसर पर भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। पदयात्रा भगवानगंज स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा से दोपहर 12 बजे शुरू होकर राधा तिराहा, लच्छू चौराहा, डॉ. गौर जन्मस्थली शनिचरी, बड़ी माता मंदिर, विजय टॉकीज चौराहा होते हुये मिनिसपिल स्कूल कटरा में संपन्न हुई। कार्यक्रम के समापन पर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विकलांगता एवं वृद्धा पेंशन को न्यूनतम 2000 करने, लाड़ली बहना योजना में छूट गईं महिलाओं को शामिल करने, अधिवक्ता हितैषी घोषणाओं को लागू करने और मिनिसपिल स्कूल कटरा को समाप्त करने की प्रक्रिया रोकने की मांग की गई। पदयात्रा में डॉ. हरगोविंद विश्व, डॉ. गजाधर सागर, टीकाराम त्रिपाठी, एड. देवेंद्र सिंघई, एड. पुष्पेंद्र अहिरवार और समाजसेवी कृष्ण कुमार अहिरवार सहित अन्य लोगों ने भाग लिया।

## काले आदेश की प्रतियां जलाएगा कर्मचारी मंच

**सागर, देशबन्धु।** मप्र कर्मचारी मंच जिला शाखा सागर वन मंडलाधिकारी दक्षिण सामान्य वन मंडल सागर के द्वारा निकाले गए कर्मचारी विरोधी काले आदेश की प्रतियां वन मंडल कार्यालय के सामने प्रदर्शन करके जलाएगा तथा वन मंडल अधिकारी को ज्ञापन सौंपेगा। प्रदर्शन का नेतृत्व कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे करेंगे। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांतीय महामंत्री राजू शील यादव ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वन मंडल अधिकारी सामान्य वन मंडल दक्षिण सागर द्वारा दैनिक वेतन भोगी, कलेक्टर दर श्रमिकों को बंधुआ मजदूर बनाने के लिए काला आदेश जारी किया है।

**▸ वन मंडल कार्यालय के सामने प्रदर्शन करेंगे कर्मचारी**

जिसमें उल्लेख है कि सभी दैनिक वेतन भोगी कलेक्टर दर श्रमिक एक सहमति पत्र देंगे की कोई भी कर्मचारी श्रमिक एवं चौकीदार किसी भी न्यायालय में वाद दायार नहीं करेगा। किसी कार्यालय में शिकायत नहीं करेगा यदि सेवा से बर्खास्त किया गया जाता है तो पुन: सेवा में रखने की मांग नहीं करेगा यह आदेश श्रमिक एवं कर्मचारी विरोधी है। यह आदेश दैनिक वेतन भोगियों एवं श्रमिकों को बंधुआ मजदूर बनता है श्रमिकों के मानव अधिकार एवं मौलिक अधिकारों का हनन करता है। जिसका कर्मचारी मंच विरोध कर रहा है। प्रदर्शन में वन विभाग जिला सागर के समस्त कार्यालय एवं मैदानी क्षेत्र में कार्यरत स्थाईकर्मी, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, वन समिति चौकीदार एवं श्रमिक बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

## स्वसहायता समूह की महिलाओं को जल गुणवत्ता जांचने का प्रशिक्षण दिया




**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार अमृत मित्र योजना के तहत नगर निगम में पंजीकृत स्वसहायता समूह की महिलाओं को जल गुणवत्ता का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान स्वसहायता समूह की महिलाओं को जल के सभी पैरामीटर को जांचने के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं अमृत मित्र की कार्रवाई में होने वाले कार्यों का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगर निगम के कार्यपालन यंत्री विजय दुबे, एएनयूएलएम शाखा के सिटी मैनेजर विक्रम जैन एवं भागवत प्रसाद, नगर निगम के लैब केमिस्ट कौतुक सिंह उपस्थित थे, जिन्होंने प्रत्येक 8 समूह की 16 महिलाओं को जल गुणवत्ता की जांच की बारिकियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

### विशाल नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन आज

**मकरोनिया, देशबन्धु।** वैश्य महासम्मेलन मकरोनिया एवं लायंस क्लब सागर के संयुक्त तत्वावधान में श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के सहयोग से आज सुबह 10 बजे से दोपहर 2 तक नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन स्नेह भवन अंकुर कॉलोनी मकरोनिया में किया जा रहा है। जिसमें मोतियाबिंद के मरीजों का चयन किया जाएगा। शिविर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के नेत्र विशेषज्ञों द्वारा आंखों की जांच एवं ऑपरेशन के लिए मरीजों को आनंदपुर ले जाने एवं वापस लाने की नि:शुल्क वाहन व्यवस्था रहेगी। संस्था द्वारा आंखों की जांच ऑपरेशन लैंस प्रत्यारोपण दवाइयां बिस्तर चश्मा एवं भोजन की नि:शुल्क व्यवस्था रहेगी।

### हिंसक प्रवृत्ति वाले 15 आवारा श्वान पकड़े

**खुरई, देशबन्धु।** नगर पालिका की ओर से नगरीय निकाय क्षेत्र से उपद्रवी व हिंसक प्रवृत्ति वाले 15 आवारा कुत्तों को पकड़ कर दूर छोड़ा गया है। मुख्य नपा अधिकारी राजेश मेहतेले के आदेश पर स्वास्थ्य शाखा प्रभारी व उपयंत्री शैलेंद्र सिंह की निगरानी में ऐसे श्वानों को पकड़ने की कार्रवाई की गई, जो हिंसक प्रवृत्ति वाले हैं। उपयंत्री शैलेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले कुछ दिन से अलग-अलग स्थानों से कुत्तों के उपद्रव की शिकायत प्राप्त हो रही थीं, जिसके निराकरण के लिये टीम गठित करते हुये कार्रवाई शुरू की गई। बिहारी वार्ड, नायक कॉलोनी, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड में कार्रवाई करते हुये करीब 15 उपद्रवी कुत्तों को लचीले जाल से सुरक्षित पकड़कर शहर की आवासीय सीमा क्षेत्र के बाहर छोड़ा गया।

## पुलिस ने पकड़े तीन शातिर चोर



**सागर, देशबन्धु।** रहली थाना पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने तीन चोरी की वारदातें कबूल की हैं। मामले में आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लेकर पुलिस अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातें हो रही थी। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस टीम गठित कर लगाई गई। जांच के दौरान टीम के सामने तीन संदिग्धों के नाम सामने आये। जिनकी जानकारी जुटाई गई। संदेह के आधार पर आरोपी मंगल पिता हल्ले गौंड निवासी ग्राम ग्वारी, वीरेन्द्र पिता हल्ले गौंड निवासी ग्वारी और मंगल पिता भुजबल गौंड निवासी ग्राम सरखेड़ा को हिरासत में लिया गया। थाने लाकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने अनंतपुरा और सरखेड़ा में चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया। आरोपियों ने बताया कि ग्राम अनंतपुरा में मक्का की फसल की चोरी की थी, ग्राम सरखेड़ा में शंकर मंदिर के पास से सरकारी बोर से मोटर पंप और ग्राम अनंतपुरा में कमलेश सोनी के मकान में अपने साथियों के साथ मिलकर घुसकर सोने-चांदी के जेवरात चोरी किए थे। सख्ती से पूछताछ करते हुए पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मक्का की फसल 3 क्विंटल, मोटर पंप, घटना में प्रयुक्त बाइक क्रमांक एमपी 15 एनके 3271, एक बगैर नंबर की बाइक, चांदी जैसी धातु की एक पायल, दो चूड़ियां कुल कीमती करीब 1.63 लाख रुपये का सामान जब्त किया गया है। रहली थाना प्रभारी अनिल तिवारी ने बताया कि चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। जहां से पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ की जाएगी।

## व्हीलचेयर पर स्टंट करने वाला दिव्यांग जगदीश जिसने हौसले से विकलांगता को हराया

**सागर, देशबन्धु।** जिले के गढ़ाकोटा तहसील के छोटे से गांव संजरा के रहने वाले 30 वर्षीय दिव्यांग जगदीश पटेल ने अपने हौसले और दृढ़ निश्चय से यह साबित कर दिया है कि अगर मन में लगन हो तो कोई भी बाधा सफलता का मार्ग रोक नहीं सकती। उन्होंने अपने जुनून और मेहनत से अपनी विकलांगता को मात देते हुये राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। जगदीश पटेल को पांच महीने की उम्र में तेज बुखार के कारण पोलियो हो गया, जिससे उनकी जिंदगी में संघर्ष शुरू हुआ। तीन साल की उम्र में स्कूल जाना शुरू किया, लेकिन वहां सहयोग की कमी के कारण पढ़ाई दो बार बीच में छोड़नी पड़ी। छोटे भाई गोविंद के सहयोग और प्रेरणा से उन्होंने फिर स्कूल में दाखिला लिया। दस साल की उम्र में व्हीलचेयर का सहारा लिया और अपने सफर को नये तरीके से शुरू किया। उन्होंने ग्रेजुएशन और मास्टर्स डिग्री हासिल कर अपनी पढ़ाई पूरी की। खेती-बाड़ी में मदद न कर पाने का गम जगदीश के मन में था। उनके दादा ने उन्हें म्यूजिक थैरेपी अपनाने की सलाह दी, जो उनके लिये वरदान साबित हुई। हार्मोनियम के साथ शुरुआत करते हुये जगदीश गायक बने। किशोरावस्था में अपने दोस्तों से प्रेरणा लेकर उन्होंने व्हीलचेयर पर स्टंट करने का अभ्यास शुरू किया। उनकी पहली सार्वजनिक प्रस्तुति 2012 में राजस्थान के श्रीविजयनगर में हुई, जहां उन्होंने अपनी कला का प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने देशभर के मेलों, प्रदर्शनियों और उत्सवों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



### नारायण सेवा संस्थान से नई उड़ान

जगदीश ने नारायण सेवा संस्थान में कंप्यूटर कौशल का प्रशिक्षण प्राप्त किया। संस्थान ने उनकी प्रतिभा को पहचाना और उन्हें सूरत के एक फैशन और टैलेंट शो में प्रदर्शन का मौका दिया। वहां से जगदीश की लोकप्रियता बढ़ती गई।

### अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चमका नाम

जगदीश ने न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका, केन्या, मुम्बासा, नैरोबी और कनाडा जैसे देशों में अपनी कला का प्रदर्शन कर अपने गांव, जिले और देश का नाम रोशन किया। जगदीश पटेल की कहानी हौसले और दृढ़ संकल्प की मिसाल है। वह आज भी लाखों लोगों के लिये प्रेरणा बने हुये हैं।

## सार समाचार

### कलेक्टर ने तहसीलदार पर लगाई पेनाल्टी

**छतरपुर, देशबन्धु।** आय प्रमाण पत्र के लंबित दो प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण न होने पर कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने सटई तहसीलदार पर 1500 रुपए की पेनाल्टी अधिरोपित की है। यह कार्यवाही लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत की गई है। इस प्रकरण के निराकरण की अंतिम तिथि 29 नवंबर 2024 निर्धारित थी। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को लोकसेवा अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करने के निर्देश दिए हैं।

### 5000 रुपए का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**लवकुशनगर, देशबन्धु।** थाना लवकुशनगर क्षेत्र अंतर्गत कस्बा के वार्ड क्रमांक 7 में माह मई वर्ष 2023 में मारपीट की वारदात को अंजाम देकर फरार 5000 रुपए के इनामी बदमाश कल्लू खटीक पुत्र रामचरण खटीक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना के कुछ आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुक था। कल्लू को न्यायालय में पेश किया, वहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### गुंडे से पीड़ित परिवार के समर्थन में आया अग्रवाल समाज

**छतरपुर, देशबन्धु।** पिछले दिनों बड़ामलहरा में आदतन अपराधी मंजू पटैरिया द्वारा एक अग्रवाल परिवार पर जानलेवा हमला किया गया था। इस मामले के पीड़ित परिवार के समर्थन में अग्रवाल समाज द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर प्रकरण में हत्या के प्रयास की धारा बढ़ाने, आरोपी को जिला बदर करने की मांग की है। अग्रवाल समाज के जिलाध्यक्ष प्रभात अग्रवाल ने बताया आरोपी द्वारा बड़ामलहरा निवासी रामकृपाल अग्रवाल के पूरे परिवार को जान से मारने का प्रयास किया है, इसलिए उसके विरुद्ध हत्या के प्रयास का मामला दर्ज होना चाहिए। उन्होंने बताया पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है लेकिन प्रकरण में हत्या के प्रयास की धारा नहीं लगाई है, इसलिए समाज द्वारा प्रकरण में हत्या के प्रयास की धारा बढ़ाने और आरोपी मंजू पटैरिया को जिला बदर घोषित करने की मांग रखी गई है।

### सागर-कानपुर नेशनल हाइवे पर दिनदहाड़े लूट व मारपीट से सहम गए राहगीर

# पुलिस के सामने बदमाशों ने शराब कंपनी के कर्मचारी को पीटा, फायरिंग कर नगदी लूटी





**छतरपुर, देशबन्धु।** मंगलवार को दोपहर के समय सागर-कानपुर नेशनल हाइवे पर छतरपुर से महोबा मार्ग पर ग्राम निवारी के पास उस समय लोगों में दहशत फैल गई, जब कार से आए वहां आधा दर्जन से अधिक लोगां ने एक युवक को पकड़कर बेरहमी से पीटा और दो राउंड फायरिंग करके एक लाख 90 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। ये गुंडई 100 डायल पुलिस के सामने होती रही मगर पुलिस मूकदर्शक बनी रही।

सागर-कानपुर नेशनल हाइवे पर मंगलवार दोपहर 12 बजे गढ़ीमलहरा से शराब कंपनी का कर्मचारी शिवम पाल कार से गढ़ीमलहरा शराब दुकान से 1 लाख 90 हजार रुपए कैश लेकर ग्राम निवारी की शराब दुकान पर जा रहा था। जैसे ही वह ग्राम निवारी के पास पहुंचा तभी गांव के दबंग धीरेंद्र राजा और छोटू राजा सहित 5 लोगों ने कार को रोककर लात घूंसों से उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। जैसे-तैसे वो उनसे छूटकर भागा, तो निवारी गांव के बस स्टेंड के पास उसे दोबारा पकड़ लिया। तब तक सूचना मिलने पर वहां 100 डायल पुलिस भी पहुंच गई। मगर पुलिस से बेखौफ दबंगों ने हाइवे पर खुलकर गुडई करते हुए शिवम पाल डंडों और चप्पलों से जमकर पीटा। आरोपी हाथ में कट्टा लहराकर आतंक भी फैला रहे थे।

इस दौरान दहशत फैलाने के लिए दो राउंड हवाई फायर किए गए। इसके बाद शिवम के पास रखे एक लाख 90 हजार रुपए लूटकर सभी आरोपी भाग निकले। लोगों की आश्चर्य तो इस बात का हुआ कि ये सब देखकर भी पुलिस केवल झगड़ा रोकने की खानापूर्ति भर करती रही।

#### सरेराह गुडई से सहम गए राहगीर

नेशनल हाइवे पर दिनदहाड़े पुलिस के सामने गुंडई होते देखकर वहां से गुजरने वाले राहगीर सहमकर थम गए। जैसे ही फायरिंग की गई तो मौके पर भगदड मच गई। इस घटना से ये जाहिर हो गया है कि इन दिनों आपराधिक तत्वों के मन में पुलिस का जरा भी खौफ नहीं है, तभी तो पुलिस के सामने भी मारपीट की गई और दो राउंड फायरिंग करके एक लाख 90 हजार रुपए की लूट भी की गई। इस पूरी घटना का राहगीरों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिससे पुलिस की जमकर किरकिरी हो रही है। अब अधिकारी हमेशा कु तरह आरोपियों को पकड़ने के दावे करके पुलिस की कमजोरी को छुपाने में जुटे हैं।

#### इनका कहना है

इस घटना के सभी आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही सभी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

**चंचलेश मरकाम**
एसडीओपी, नौगांव

### 86 ग्राम पंचायतों के किसानों को लुभा रहे खेती के देशी तरीके

**चंद्रनगर, देशबन्धु।** जिले के राजनगर ब्लाक की 86 ग्राम पंचायतों में जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान वाल्मी भोपाल द्वारा जैविक खेती को बढावा देने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब रासायनिक खेती की बजाय किसानों को खेती के देशी तरीके लुभाने लगे हैं।

पंचायत स्तरीय प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत के जल समिति सदस्य, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता, वालेंटियर सहित जागरुक ग्रामीण उत्साह से भाग ले रहे हैं। सुपरवाइजर रामगोपाल शर्मा ने बताया पंचायत में बेहतर परिणाम मिल रहे हैं। ग्राम पंचायत कर्री और बराखेड़ा के किसानों द्वारा फव्वारा सिंचाई के साथ मृदा परीक्षण के प्रति उत्सुकता जताई है। मास्टर ट्रेनर संदीप ने बताया ग्राम पंचायत बरद्वाहा में भी किसानों को बीज उपचार की विधि और स्मार्ट सिंचाई के तरीके पसंद आए हैं। इसके अतिरिक्त पशुपालन, मछली पालन, मल्चिंग, फसल विविधता, जैविक खाद, जीवामृत, वर्मी कंपोस्ट, पॉली हाऊस के बारे में किसानों को जानकारी दी गई है। इस दौरान शैंकी नामदेव, दीपा वैद्य, वंदना तिवारी, संदीप तिवारी, लकी विश्वकर्मा, सुनीता श्रीवास्तवऔर आनंद पटेल मौजूद रहे।

## जनसुनवाई में 76 आवेदनों पर हुई सुनवाई



**छतरपुर, देशबन्धु।** मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, डिप्टी कलेक्टर जीएस पटेल, एसडीएम अखिल राठौर एवं विभागीय जिलाधिकारी उपस्थित रहे एवं व्हीसी के माध्यम से जिले के अनुभागों के एसडीएम एवं तहसीलदार जुड़े रहे। जनसुनवाई में शिक्षा, राजस्वए पुलिस, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, विद्युत कंपनी, स्वास्थ्य, खाद्य, आदिम जाति, श्रम, सामाजिक न्याय और महिला बाल विकास सहित विभिन्न विभागों के 76 शिकायती आवेदन आए हैं। इनका परीक्षण करके संबंधित विभाग को निराकरण के लिए सौंपकर निर्देशित किया गया है।

## लोगों को छत पर बैठाकर दौड़ती ओवरलोड कार पर कड़ी कार्रवाई



**छतरपुर, देशबन्धु।** मंगलवार को बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम हरपुरा रोड पर सड़क पर अंधी गति से दौडती एक ओवरलोड कार का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने कार का चालान करके चालक को सबक सिखाया है। इस कार का वीडियो बनाने पर कार चालक ने दादागिरी दिखाकर देख लेने की धमकी भी दी थी। पुलिस ने इस कार चालक पर कड़ी कार्यवाही की है।

जानकारी के अनुसार शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण हर मार्ग पर क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर या माल लादकर दौड़ने वाले वाहनों का नजारा कोई नई है। मंगलवार को एक ऐसा ही नजारा किसी ने मोबाइल से वीडिया बनाकर उसे सोशल मीडिया में वायरल कर दिया तो किरकिरी होने पर पुलिस को उस कार का चालान करके अपनी गलती पर पर्दा डालना पड़ा है। दरअसल कार क्रमांक एमपी 16 डी 0429 का चालक कार के अंदर क्षमता से अधिक सवारियों को बैठाए था इतना ही नहीं वह कार की छत पर भी पांच लोगों को बैठाकर अंधी गति से कार को सड़क पर दौड़ा रहा था। कार जैसे ही ग्राम हरपुरा रोड पर आई तो एक युवक ने कार का वीडियो बनाना शुरु कर दिया। ये देखकर कार चालक वाहन को रोककर दादागिरी पर उतर आया। इसके बाद ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो जाने से पुलिस की नींद टूटी। कुछ ही देर बाद छतरपुर यातायात पुलिस ने कार चालक ग्राम पलकोंहा के भान प्रताप यादव के खिलाफ मोटर अधिनियम एक्ट का उल्लंघन करने, खतरनाक ढंग से वाहन चलाने पर 1000 और बिना रजिस्ट्रेशन के वाहन चलाने पर 3000 यानी कुल 4000 रुपए का जुर्माना लगाया है।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर ने 3 लोगों को रौंदा, एक मृत और 2 घायल

**छतरपुर, नौगांव, देशबन्धु।** मंगलवार को सुबह नौगांव थाना के अंतर्गत ग्राम गर्रोली में एक अनियंत्रित ट्रेक्टर ने तीन लोगों को चपेट में ले लिया। तीनों को रौंदता हुआ ट्रेक्टर आगे बढ़ने से एक 2 साल की मासूम सहित तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। इनमें से एक ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया, दो लोगों को अस्पताल में भर्ती करके उनका इलाज किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार ग्राम मलगुवां के देवेंद्र लोधी ने 15 दिन पहले नया महिंद्रा ट्रैक्टर खरीदा था। देवेन्द्र अपने परिचित 45 वर्षीय धनीराम पुत्र सेवा लोधी निवासी ग्राम गर्रोली के साथ मंगलवार को सुबह 8 बजे ट्रैक्टर से खाद लेने के लिए आया था। धनीराम ट्रेक्टर से उतरकर खड़ा हो गया। उसी समय देवेन्द्र ट्रेक्टर पर नियंत्रण खो बैठा। घर के बाहर अपनी दो साल की नातिन रुही को लेकर बैठी उसकी 65 वर्षीय दादी सहोदरा की ओर ट्रेक्टर आते देखकर पास ही खड़े धनीराम ने सहोदरा और मासूम को बचाने की कोशिश की। मगर तब तक ट्रैक्टर सीधा तीनों को रौंदता हुआ आगे बढ़ गया। इस हादसे से घबराकर देवेन्द्र मौके से भाग गया। घायल हालत में धनीराम, सहोदरा और मासूम बच्ची रुही को अस्पताल ले जाया गया।

प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान धनीराम ने दम तोड़ दिया। मृतक के भाई बालक दास ने बताया कि धनीराम ने अनियंत्रित ट्रेक्टर देखा तो वृद्ध महिला को बचाने के लिए दौड़ा था। तभी ट्रेक्टर चालक ने उसे कुचलते हुए दीवार में तीन बार टक्कर मारी। गर्रोली पुलिस ने मर्ग कायम करके मामले को जांच में लिया है।

## हत्या के मामले में 2 लोगों को उम्रकैद की सजा और जुर्माना

**छतरपुर, देशबन्धु।** घर के अंदर बांधकर मारपीट करके हत्या करने के मामले में कोर्ट एक महिला सहित दो आरोपियों को दोषी करार देकर को उम्रकैद व जुर्माना की सजा सुनाई है।

एडवोकेट लखन राजपूत ने बताया 6 मार्च 2021 को फरियादी दशरथ को रामकिशन कुशवाहा ने रात करीब 11 बजे फोन पर सूचना दी कि उसका भाई हेतराम उसके घर में घुसकर छेड़छाड़ कर रहा है। दशरथ अपनी मॉ के साथ रामकिशन के घर पर पहुंचा। उसने देखा कि हरिकिशन उर्फ मजनू कुशवाहा और गुड्डन कुशवाहा निवासी खंदेवरा दहालान में पिलर से बांधकर हेतराम की मारपीट कर रहे थे। मना करने पर वे नहीं माने तो हरिकिशन ने पुलिस को बुला लिया। पुलिस हेतराम को लेकर जिला अस्पताल आई जहां डॉक्टर ने हेतराम को मृत घोषित कर दिया। थाना ओरछा रोड पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके आरोपियों को गिरफ्तार कर मामला कोर्ट में पेश किया। अभियोजन की ओर से एजीपी प्रवीण द्विवेदी ने पैरवी करते हुए सबूत कोर्ट में पेश कर आरोपी को कठोर से कठोर सजा देने की दलील रखी। न्यायाधीश निवेश कुमार जैसवाल की अदालत ने हरिकिशन और गुड्डन को दोषी करार देकर हत्या के आरोप में उम्र कैद और 5-5 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है।

## कलेक्टर ने मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने मंगलवार को छतरपुर के मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया है। इस दौरान ई.ई. पीआईयू केएस परस्ते सहित निर्माण एजेंसी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने मेडिकल कॉलेज के शैक्षणिक भवन, गर्ल्स एवं बॉयज हॉस्टल, शॉपिंग और स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स एवं अन्य ब्लॉकों का जायजा लिया। उन्होंने कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समयसीमा में पूरा करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा प्रत्येक कम्पाउंड को समय अनुसार पूरा करने के लिए आवश्यक मशीनरी और लेबर को बढ़ाकर पैरेलल रूप से कार्य करें। कलेक्टर ने निर्माण कार्य की संरचना एवं बिन्दुबार समीक्षा करते हुए कार्य की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही पानी सप्लाई की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कार्य करने वाले मजदूरों के चरित्र सत्यापन कराने के भी निर्देश दिए।

## गाय मामला : 9 दोषियों को सुनाई कठोर कैद की सजा

**छतरपुर, देशबन्धु।** वर्ष 2014 में दस साल पहले शहर के शुक्लाना मोहल्ला के शिव मंदिर के पास एक गाय का गला काटकर उसकी हत्या करने के मामले में अदालत ने 9 आरोपियों को दोषी पाया है। इन आरोपियों को अदालत ने एक-एक साल की सजा सुनाई है।

एडवोकेट लखन राजपूत ने बताया 21 दिसंबर 2014 को सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि शुक्लाना मोहल्ला के शिव मंदिर के पास एक गाय को काटकर उसकी हत्या की गई है। इसे लेकर हिंदू धार्मिक और सामाजिक संगठन, व्यापारी व हजारों की संख्या में लोगों ने बाजार बंद करके प्रदर्शन किया था। पुलिस ने इस मामले में रनिया सेन, राशिद, हैदर राईन, गजनी इस्माइल, यामीन, पिट्टे उर्फ बसीर, मोहम्मद बहीद, समीर और जानू को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया।

अभियोजन की ओर से एडीपीओ शिवाकांत त्रिपाठी ने इस प्रकरण की पैरवी करके सभी साक्ष्य व गवाह पेश किए। न्यायाधीश अन्नपूर्णा भदौरिया की अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी करार देकर एक-एक साल कठोर कैद व 5200-5200 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

## नुक्कड़ नाटक, लोकगीत से दिया स्वच्छता का संदेश



**बिजावर, देशबन्धु।** उत्कर्ष सोशल समिति द्वारा नगर के 15 वार्डों में लोकगीत और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। नुक्कड़ नाटक में कलाकार रूपचंद चौरसिया, मानसी राजा बुंदेला, सरोज सरगम, धर्मेंद्र बुंदेला, सोनू अहिरवार और रामदयाल श्रीवास ने अपने अभिनय से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया है। साथ ही लोकगीत की आकर्षण का केन्द्र रहीं।

बता दें कि नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सिंह यादव, उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता, सीएमओ संतोष सेनी और उपयंत्री पुरूषोतम प्रजापति के निर्देशन में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

### मजदूरों को 1 अप्रैल से एरियर सहित भुगतान किया जाए : सीटू

**गुना, देशबन्धु।** तमाम जिद्दों, सैकड़ो धरने और प्रदर्शनों के बाद सरकार ने 10 वर्ष के बाद वेतन पुनरीक्षण समिति की सिफारिश के आधार पर अप्रैल 2019 के बजाय अप्रैल 2024 से न्यूनतम वेतन की घोषणा की थी। उस पर भी कुछ कारखाने मालिकों के पेट में दर्द हुआ और उन्होंने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ से न्यूनतम वेतन न दिया जाए। इसके लिए स्टेट लिया था। सीटू के प्रदेश अध्यक्ष रामविलास गोस्वामी और प्रदेश महासचिव प्रमोद प्रधान द्वारा उक्त स्टेट के खिलाफ सीटू की ओर से पूरे प्रदेश भर में सरकार पर दबाव पैदा करने के लिए लगातार प्रदेश के जिलाधीश और श्रम विभाग के ऑफिसों पर धरने दिए। इसके साथ-साथ इंदौर हाई कोर्ट में सीटू इंटरवीन बनी। सीटू के प्रबुद्ध अधिवक्ता बाबूलाल नागर ने हाई कोर्ट में न्यूनतम वेतन के सवाल पर मजदूरों का पक्ष बखूबी रखा।

# किसानों के लिए खुशखबरी : समितियों में पहुंचेगी खाद, अब नहीं होगी कमी



#### हरपालपुर आई 2753 मीट्रिक टन डीएपी खाद की रैक

बीते रोज हरपालपुर के रेलवे स्टेशन पर मालगाडी से आईपीएल कंपनी की पर 2753.200 मीट्रिक टन डीएपी खाद की रैक आई है। जिसे परिवहन ठेकेदार सुशील अग्रवाल द्वारा ट्रकों में लोड कराके परिवहन शुरु कर दिया गया है। इस दौरान नौगॉव की प्रभारी एसडीएम आईएएस सहायक कलेक्टर काजोल सिंह ने कृषि अधिकारी सूरजभान पटेल व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

***छतरपुर, देशबन्धु।*** *किसानों के लिए खुशखबरी कही जाएगी कि उनकी सुविधा को देखते हुए कालाबाजारी को रोकने के लिए रेलवे रैक से 1745 मीट्रिक टन डीएपी सीधे जिले की विभिन्न शाखाओं की समितियों में भेजी जा रही है। किसानों को समितियों से भरपूर मात्रा में खाद मिलना शुरु हो जाएगी।*

*कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने एफओआर आधार पर डीएपी भण्डारण कार्यक्रम रबी 2024 अंतर्गत जिले के भण्डारण केन्द्र एवं शाखा अंतर्गत सहकारी साख समितियों में खाद भेजने के निर्देश दिए है।*

*बताया गया है कि जिले की साख सहकारी समिति बगौता, मातगुवां, बरकौंहा, गठेवरा, गौरगांय, ढड़ारी, मनकारी, टटम, मोरबा, रामपुर ढिला, महेबा, ईशानगर, रामपुर कुर्रा, सलैया, हरपालपुर, बड़ागांव, मनियां, राजनगर, धवाड़, चंदला, पथरगुवां, चन्द्रनगर, गंज, पिपट, पीरा, गुलगंज, बारीगढ़, देवरा, गहरवार, बिजावर, डिकौली, बीरों, मैलवार, सेंधपा, घुवारा, भगवां, पनवारी, कटहरा, मुडेरी, बंधा, बमनौरा, सेवार, रामटौरियां और सहकारी साख समिति सरकना में डीएपी खाद भेजने के निर्देश दिए गए हैं। किसानां से नजदीकी समिति से खाद लेने को कहा गया है।*

सागर, बुधवार 4 दिसम्बर 2024
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# महाराष्ट्र में लोकतंत्र का मजाक

महाराष्ट्र चुनावों के नतीजों में बड़ी गड़बड़ी की आशंकाओं और सवालों के बीच 3 दिसम्बर को चुनाव आयोग के सामने एक सुनहरा मौका आया था कि वह अपनी साख को सुधार ले। यह मौका दिया था कि मालशिरस विधानसभा क्षेत्र के मरकरवाड़ी गांव के लोगों ने। लेकिन चुनाव आयोग ने यह अवसर अपने हाथ से गंवा दिया। दरअसल मालशिरस विधानसभा क्षेत्र से शरद पवार की एनसीपी के उम्मीदवार उत्तम जानकर को जीत हासिल हुई है, उन्होंने भाजपा के राम सातपुते को 13,147 वोटों से हराया है, लेकिन मरकरवाड़ी गांव में राम सातपुते को उत्तम जानकर से अधिक वोट मिले। श्री जानकर को 843 और श्री सातपुते को 1003 वोट मिले, जबकि यहां के लोगों को दावा था कि राम सातपुते को सौ, दो सौ वोटों से अधिक नहीं मिल सकते, इसमें ईवीएम की गड़बड़ है। अपने संदेह को दूर करने के लिए ग्रामीणों ने ऐलान किया कि हम अपने खर्च और व्यवस्था से मतपत्रों से फिर से चुनाव कराएंगे, इसके लिए उन्होंने मालशिरस के तहसीलदार को अनुमति के लिए आवेदन दिया था। लेकिन अनुमति देने की जगह प्रशासन ने यहां न केवल वोट डालने वालों पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी, बल्कि धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी ताकि एक साथ पांच लोग इकट्ठा न हो पाएं। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पांच दिसंबर तक निषेधाज्ञा लागू करने का ऐलान किया गया है। पुलिस की सख्ती और नागरिकों के मतदान की मांग के कारण अराजकता उत्पन्न न हो इस वजह से फिलहाल ग्रामीण अपनी मांग से पीछे हट गए हैं, हालांकि इस मुद्दे को आगे चुनाव आयोग और न्यायपालिका तक ले जाने का उनका फैसला अटल है, क्योंकि सवाल लोकतंत्र की रक्षा का है।

मालशिरस के एक गांव में अगर फिर से मतदान होता, तो जाहिर है उसका कोई कानूनी आधार नहीं होता, न ही उन नतीजों से महाराष्ट्र के नतीजे प्रभावित होते, लेकिन जिस तरह पूरे राज्य में ईवीएम को लेकर सवाल उठे हैं और पूरे महाविकास अघाड़ी के बीच यह आशंका बलवती है कि उन्हें छल कपट से हराया गया, इस मतदान से कम से कम उन सवालों के जवाब मिल जाते। मरकरवाड़ी गांव के लोगों का कहना है कि यहां 2009, 2014, 2019 और पांच महीने पहले लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को इतने वोट नहीं मिले थे, तो इस बार उत्तम जानकर को कम और राम सातपुते को ज्यादा वोट कैसे मिल सकते हैं। ग्रामीणों की यह आशंका मतपत्रों से चुनाव से दूर हो सकती थी और तब भी नतीजे अगर 23 तारीख को आए नतीजों की तरह रहते, तो ऐसे में चुनाव आयोग का दावा पुख्ता हो जाता कि ईवीएम में कोई गड़बड़ी नहीं की गई। छोटी सी आबादी वाले एक गांव में मतपत्रों से चुनाव की एक छोटी सी कवायद पर अनावश्यक सख्ती दिखाकर चुनाव आयोग और भाजपा दोनों ने अपने चारों तरफ बन चुके संदेह के घेरे को और गाढ़ा कर लिया है। इधर महाराष्ट्र में जिस तरह सरकार बनाने में देरी हो रही है, उससे भी कई सवाल उपज रहे हैं।

गौरतलब है कि महाराष्ट्र में 20 नवंबर को मतदान हो गया था, 23 तारीख को नतीजे आ गए और नतीजों में भाजपानीत महागठबंधन को पूर्ण बहुमत हासिल हो गया है, इसके बावजूद अब तक सरकार गठन का काम लटका हुआ है। निवर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कभी हां, कभी ना और भाजपा की दबाव बनाकर सत्ता को मुट्ठी में रखने की राजनीति ने महाराष्ट्र की जनता के भविष्य को अधर में लटका दिया है। 70 सालों में शायद ही ऐसा मौका किसी राज्य में आया होगा कि किसी दल या गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिलने के बावजूद सरकार गठित करने और मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा करने में 10 दिन से ऊपर लग जाएं। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को खत्म हो चुका है और अगर किसी की भी तरफ से सरकार बनाने का प्रस्ताव न जाए तो कायदे से राज्यपाल को स्वत: कार्रवाई कर लेनी चाहिए। लेकिन महाराष्ट्र में कायदा भी शायद दिल्ली से और दिल्ली का ही चल रहा है, इसलिए महायुति की बैठक के लिए तारीख पर तारीख घोषित हो रही है और इन पंक्तियों के लिखे जाने तक न कोई बैठक हुई, न कोई फैसला हुआ। 23 नवंबर को नतीजे आने के बाद 25 तारीख से दिल्ली और मुंबई के बीच महायुति के नेताओं के आने-जाने का सिलसिला शुरु हो गया। यह तय हो गया कि एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे, अजित पवार उपमुख्यमंत्री पद के लिए फिर से मान गए हैं, लेकिन भाजपा ने यह स्पष्ट ही नहीं किया कि उसकी तरफ से देवेंद्र फड़नवीस का नाम मुख्यमंत्री पद के लिए सामने आएगा या किसी अन्य को इस बार महाराष्ट्र की गद्दी सौंपी जाएगी। एकनाथ शिंदे अपनी कुर्सी छोड़ने के लिए तो राजी हो गए, लेकिन इसके बदले उन्हें क्या चाहिए, इस पर भी मामला अटका रहा। श्री शिंदे का सरकार गठन की चर्चा से दूर दो दिन तक अपने गांव जाकर बैठना और बार-बार बीमार पड़ना भी इस बात की तरफ इशारा करता है कि महायुति के बीच कोई बड़ी सौदेबाजी के अटके होने के कारण सरकार गठन का काम भी लटका हुआ है। हालांकि भाजपा ने 5 दिसंबर को आजाद मैदान में शपथ ग्रहण की तैयारी जोर शोर से शुरु कर दी है।

जब भाजपा के पास संख्याबल कम था, तब उसने शिवसेना और राकांपा को तोड़कर सत्ता बना ली और अवैध तरीके से बनी सरकार को ढाई साल तक चला भी लिया, तो अब पूर्ण बहुमत पाने के बाद सरकार बनाना और चलाना उसके लिए कठिन नहीं होगा। लेकिन जिस तरह की परिपाटी महाराष्ट्र में भाजपा ने डाली है, उसमें लोकतंत्र के लिए हालात कितने कमजोर हो गए हैं, यह देखकर चिंता होती है। मुख्यमंत्री का नाम तय न करना, सरकार गठन के लिए राज्यपाल को पत्र सौंपे बिना शपथ ग्रहण का इंतजाम करना और ग्रामीणों की लोकतंत्र बचाने की शांतिपूर्ण मुहिम को कुचलना यह सब चुनाव प्रक्रिया का मजाक उड़ाने जैसा लग रहा है।

# एक नए राजनैतिक नक्षत्र का उभार

झारखंड के विधायकों द्वारा मुख्यमंत्री चुन लिए जाने के बाद जब हेमंत सोरेन जब दिल्ली आकर अपने शपथ ग्रहण समारोह का न्यौता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को देने आए तो कई लोगों को हैरानी हुई क्योंकि उनकी पिछली पारी में इसी जोड़ी ने उनका राज करना मुश्किल कर दिया था और आखिर में लंबी जेल भी काटने को मजबूर किया था। चुनावी लड़ाई में भी चंपई सोरेन और सीता सोरेन जैसे करीबी लोगों को तोड़कर भाजपा ने अपनी राजनैतिक लड़ाई को काफी हद तक सोरेन परिवार के खिलाफ निजी खुंदक जैसा बना लिया था। जो लोग हेमंत सोरेन और झारखंड के आम आदिवासियों का स्वभाव जानते थे उनके लिए यह न्यौता न तो महज औपचारिकता थी ना ही भाजपा के जले पर नामक छिड़कने की कोशिश। न ही इसमें यह जताने का भाव था कि आपने जितना परेशान किया मुझे आदिवासियों और झारखण्डियों का उतना ही पक्का समर्थन मिला। बताना न होगा कि मोदीजी और शाह की अनुपस्थिति के बिना भी हेमंत सोरेन का शपथ ग्रहण समारोह ग्रैंड था और उन्होंने चुनावी वायदों को पूरा करने का भरोसा दिया।

हेमंत ने इस अवसर पर ही नहीं अपनी सरकार को गिराने की भाजपाई कोशिश के पूरे पांच साल के दौर में बहुत ही मैच्योर पॉलिटीशियन होने का प्रमाण दिया, जो उनके पिता शिबू सोरेन अर्थात गुरुजी समेत कोई आदिवासी नेता नहीं देता था। आम स्वभाव में अन्याय का तगड़ा प्रतिरोध करने वाला आदिवासी अक्सर ऐसी स्थितियों में काफी उग्र प्रतिक्रिया देता रहा है जबकि उसके नेता लोभ और दबाव में टूट जाते रहे हैं। यह बात देश भर पर लागू होती है लेकिन झारखंड पर खास तौर से। वहां नेता बार-बार 'बाइक' हैं लेकिन जनता का बगावती तेवर मद्धिम नहीं पड़ा है। हेमंत ने इसी स्वभाव को पहचान कर उसे अपनी लड़ाई का मुख्य हथियार बनाया। उन्होंने झारखंड और आदिवासियों से भेदभाव का सवाल केन्द्रीय रखा और अपना दावा कभी कमजोर नहीं पड़ने दिया। और जब जेल जाने की स्थिति बनी तो सीधी टकराहट (जैसा दिल्ली में अरविन्द केजरीवाल ने दिखाया) या अपने परिवार के किसी को कुर्सी सौंपने की जगह कोलहान टाइगर नाम से मशहूर चंपई सोरेन को गद्दी सौंप दी। जेल से छूटने के बाद उन्होंने गद्दी वापस ली तो भाजपा ने उसे भी मुद्दा बनाकर और कुछ लोभ देकर चंपई को अपने पक्ष में किया। माना जाता है कि अगर उनके निर्वाचन क्षेत्र में आदित्यपुर और



अरविन्द मोहन

> हेमंत की सफलता दो को छोड़कर सारे आदिवासी ठिकानों से अपने अर्थात झामुमो और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जिताना नहीं है। उसे इनसे या अधिकांश आदिवासी वोट पाने भर से ठीक से समझा ही नहीं जा सकता। सारी रिजर्व सीटों पर तो भाजपा पिछली बार भी हारी थी। हेमंत का असली बड़ा काम है अलग-अलग कबीलों में अब तक बंटे रहे झारखंड के आदिवासी समाज को एकजुट करना।

गमरिया जैसे जमशेदपुर के शहरी हिस्से न होते तो उनको भी आदिवासी नकार चुके होते।

चंपई हों या सीता सोरेन उनका व्यवहार पहले कांग्रेस या भाजपा या कहें सत्ता के प्रलोभनों और दबाव में टूटे अन्य आदिवासी नेताओं जैसा ही रहा। जबकि हेमंत ने तब भी दो पावर सेंटर न बनने देने की जबरदस्त व्यावहारिक सोच दिखाते हुए (कहा जाता है कि यह सुझाव सोनिया गांधी का था) मुख्यमंत्री की कुर्सी वापस ले ली। और देखा कि उन्होंने कितनी मुश्किल लड़ाई को किस आसानी से जीत लिया। शिवराज सिंह चौहान और हेमंत बिस्वा सरमा जैसों की महीनों की कवायद और भाजपा का सारा संसाधन धरा रह गया। घुसपैठ का मुद्दा बनाने के लिए भाजपा ने (जिसके असली सूत्रधार मोदी-शाह ही रहे) आखिरी दिन तक छापा, गिरफ़्तारी, कथित मनी-ट्रेल बनाने जैसी सारी तैयारियां पूरी कर ली थी, लेकिन कुछ काम न आया। बल्कि उसे अब तक आराम से मिलने वाला ओबीसी वोट भी इस बार पहले से कम हुआ और उसे सिर्फ शहरी और अगड़ा वोटरों का सहारा रह गया। आदिवासी वोट तोड़ने की सारी कवायद फेल हो गई और अंतिम समय अपनी पार्टी का विलय करके भाजपा अध्यक्ष बने बाबूलाल मारांडी को भूमिहार वोट के सहारे जीतना पड़ा। इसके लिए नाराज पूर्व सांसद रवींद्र राय को मनाना और बागी नित्यानंद राय को बैठाने में जोर लगाना पड़ा। उल्लेखनीय है कि भाजपा की तरफ से सिर्फ बाबूलाल मारांडी और चंपई सोरेन ही जीत पाए थे।

हेमंत की सफलता दो को छोड़कर सारे आदिवासी ठिकानों से अपने अर्थात झामुमो और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जिताना नहीं है। उसे इनसे या अधिकांश आदिवासी वोट पाने भर से ठीक से समझा ही नहीं जा सकता। सारी रिजर्व सीटों पर तो भाजपा पिछली बार भी हारी थी। हेमंत का असली बड़ा काम है अलग-अलग कबीलों में अब तक बंटे रहे झारखंड के आदिवासी समाज को एकजुट करना। आपको याद होगा कि मुख्यमंत्री रहते हुए भी शिबू सोरेन उरांव प्रभुत्व के तमाड़ इलाके में जाकर अनजान पीटर से हार गए थे। आदिवासियों की नई एकजुटता तो भाजपा द्वारा पहला गैर-आदिवासी मुख्यमंत्री (रघुवर दास) बनाने से ही शुरू हुई थी लेकिन उसे एक अंजाम तक लाना आसान न था। हेमंत ने यह काम किया और आज वे शिबू सोरेन समेत किसी भी आदिवासी नेता की तुलना में बड़ा और ज्यादा ताकतवर बन चुके हैं। इसलिए अब उनकी जवाबदेही ज्यादा बड़ी है-झारखंड के साथ मुल्क भर के आदिवासियों की आवाज बनाना और देश की राजनीति में आदिवासी स्वर को अधिक प्रमुख स्थान दिलाना। हेमंत ने अपना कौशल इंडिया गठबंधन के साथी दलों के दावों और उम्मीदवारों को संभालने में भी दिखाया। यह जरूर है कि राहुल गांधी ने उनको फ्री-हैंड दिया लेकिन झारखंड चुनाव अभियान लगभग पूरी तरह हेमंत के कंधों से ही चला।

अगर कोई श्रेय में दावेदारी कर सकता है तो वह उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ही हैं जिन्होंने घटक दलों की पंचायत या सरकारी कामकाज भी निपटाने जैसे जिम्मों से मुक्त होकर हेमंत से भी ज्यादा चुनावी सभाएं कीं। वे अच्छा बोलती हैं तथा कार्यकर्ताओं और खास तौर से महिलाओं के बीच अच्छे व्यवहार से असर छोड़ती हैं। बिना किसी राजनैतिक प्रशिक्षण के एक बार में ऐसी भूमिका निभाकर उन्होंने सबको हैरान किया है। भाजपा ने चाहे जिस रणनीति से हेमंत को जेल भेजा हो पर उसने कल्पना न की थी कि इस संकट से कल्पना सोरेन जैसी नेता उभर कर आएंगी। झारखंड के आदिवासियों में औरतों का स्थान आम हिन्दुस्तानी परिवार से ऊंचा है, उनकी आर्थिक कामकाज में भी हिस्सेदारी ज्यादा होती है लेकिन विधायक-सांसद होकर भी आदिवासी महिलाएं पार्टी के नेतृत्व में या राज्य की राजनीति नेतृत्व नहीं करती थीं। कल्पना सोरेन के रूप में इस बार उन्हें एक नया नेता मिला है तो हेमंत सोरेन को बोनस। और हैरानी नहीं कि दो हेमंतों की लड़ाई में हेमंत सोरेन ने इस सहारे से हिमंत बिस्वा सरमा को उनके राजनैतिक कैरियर का सबसे बड़ा झटका दिया है।

# नकली भारतीय मुद्रा की बढ़ती संख्या से अर्थव्यवस्था के अस्थिर होने का खतरा

■ नन्तू बनर्जी

अ ह गंभीर चिंता का विषय है कि महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 500 रुपये के नकली नोटों की संख्या 2018-19 और 2023-24 के बीच लगभग चार गुना, और 2020-21 से 2,000 रुपये के नकली नोटों की तीन गुना हो गयी है। ध्यान रहे कि 2,000 रुपये के नोट वैध मुद्रा बने हुए हैं और इन्हें रिजर्व बैंक के कार्यालयों में बदला जा सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, मई 2023 में 2000 के मुद्रा नोटों को वापस लेने के कदम के बाद से इनमें से 98 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं। लेकिन 500 और 200 रुपये के नकली नोटों का तेजी से बढ़ता प्रचलन चिंता का विषय बन गया है। 500 रुपये के नोट रोजमर्रा के लेन-देन की रीढ़ बन गये हैं और पिछले कुछ सालों में इसके प्रचलन में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। सरकार और रिजर्व बैंक दोनों ही इस बात से चिंतित हैं। पिछले हफ्ते केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने देश में नकली नोटों के बढ़ते प्रचलन को लेकर लोकसभा में चिंता जताई थी।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2018-19 में 2,18,650 लाख पीस नकली नोट पकड़े गये थे। 2022-23 में यह 9,11,100 लाख के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जो 2023-24 में थोड़ा कम होकर 8,57,110 लाख हो गया। यह 2018-19 में पकड़े गये2,18,650 लाख पीस से काफी अधिक है। हालांकि, पकड़े नहीं गये नकली नोटों की संख्या का अंदाजा लगाना मुश्किल है। आमतौर पर ये ग्रामीण या अर्ध-शहरी बाजारों में प्रचलन में होते हैं। संचालक और ग्राहक पहचान से बचने के लिए बैंकों से बचते हैं।

> नकली मुद्राएं वैश्विक समस्या उत्पन्न करती हैं। यू.एस. डॉलर को दुनिया की सबसे ज़्यादा जाली मुद्रा कहा जाता है। कुछ नकली यू.एस. डॉलर बहुत उच्च गुणवत्ता के बताये जाते हैं। धोखेबाज़ उन्हें वैध मुद्रा के रूप में बेचने की कोशिश करते हैं, या उनका उपयोग ऋण या क्रेडिट लाइन प्राप्त करने के लिए करते हैं। 2002 में मुद्रा लॉन्च होने के बाद से दूसरा सबसे लोकप्रिय नकली बैंक नोट यूरो है।

नकली भारतीय मुद्रा नोटों का उपयोग मुख्य रूप से देश की अर्थव्यवस्था को पंगु बनाने और आर्थिक आतंक पैदा करने के लिए आतंकवादी गतिविधियों में किया जाता है। माना जाता है कि पश्चिम बंगाल और असम की सीमाएं बांग्लादेश, पाकिस्तान और नेपाल से नकली भारतीय मुद्रा के प्रमुख प्रवेश बिंदु हैं। कहा जाता है कि बांग्लादेश और पाकिस्तान दोनों ही देश के पूर्वी हिस्से में नकली भारतीय मुद्रा भेजने के लिए नेपाल का उपयोग कर रहे हैं।

हाल ही में, पुलिस द्वारा नकली मुद्रा संचालन पर एक बड़ी कार्रवाई में, असम के गोलाघाट शहर के गुलाम पट्टी क्षेत्र से चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अत्याधुनिक मुद्रा मुद्रण उपकरण और विभिन्न मूल्यवर्ग के नकली नोट जब्त किये और प्रमुख संचालकों के रूप में ब्रांडेड दुदु अली और राजीबुद्दीन अहमद सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया। हालांकि, सरगना गिरफ्तारी से बचे रहने में कामयाब रहे।

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक के एक अनुमान से पता चला है कि देश में जब्त किये गये कुल नकली नोटों का लगभग 80 प्रतिशत मालदा, मुर्शिदाबाद और नादिया के तीन भारत-बांग्लादेश सीमावर्ती जिलों से आता है। इन तीन जिलों से भेजी जाने वाली नकली नोटों की सबसे ज़्यादा मात्रा मालदा से आती है। बांग्लादेश न सिर्फ़ नकली भारतीय नोटों के लिए एक अहम ज़रिया है, बल्कि वहां नकली नोट भी छापे जा रहे हैं। बांग्लादेश की सीमा से लगे पश्चिम बंगाल के इन तीन मुस्लिम बहुल जिलों के ज़रिये इन्हें देश में भेजा जाता है। इन जिलों के युवाओं का एक बड़ा हिस्सा गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में ठेके पर मज़दूरी करके अपनी आजीविका चलाता है। कहा जाता है कि उनमें से कई बांग्लादेश के ज़रिये तस्करी करके लाये गये नकली भारतीय नोटों के कूरियर के तौर पर इस्तेमाल किये जाते हैं।

हाल ही में, बांग्लादेश में नकली भारतीय नोटों की आपूर्ति और वितरण नेटवर्क काफ़ी बढ़ गया है। हाल ही में सीमा के ज़रिये भारत में जाली भारतीय मुद्रा के अवैध प्रेषण में तेज़ी आई है, जो चिंता का विषय बन गया है। कुछ समय पहले ही ढाका में पुलिस ने बड़ी संख्या में जाली भारतीय मुद्रा नोटों से भरी बोरियां जब्त की थीं। ढाका में स्थानीय मीडिया ने बांग्लादेश पुलिस के हवाले से कहा कि पाकिस्तान में लाहौर स्थित एक सिंडिकेट ऐसे जाली नोट छापता है, जिन्हें फिर संगमरमर के पत्थरों से भरे कंटेनरों में श्रीलंका के ज़रिये बांग्लादेश ले जाया जाता है। भारत में तस्करी से पहले सिंडिकेट के सदस्यों के घरों में 'विशेष कक्षों' में खेप छिपाई जाती है। बांग्लादेश में जाली भारतीय मुद्रा नोटों के उछाल का पता भारतीय पुलिस ने एक जांच के बाद लगाया था।

यह पाया गया कि उन अवैध मुद्रा नोटों को पाकिस्तान में छापा गया था और फिर उन्हें नेपाल और बांग्लादेश की सीमा के ज़रिए या दुबई, बैंकॉक, हांगकांग और कोलंबो को जोड़ने वाले दूसरे मार्गों से अवैध रूप से भारत में आयात किया गया था। पाकिस्तान और बांग्लादेश जाली भारतीय मुद्रा नोटों के दो प्रमुख उत्पादक और वितरक हैं। इसका लक्ष्य आतंकवाद को फ़ंड देना, भारत में मुद्रास्फीति दर बढ़ाना और मुद्रा में विश्वास को कम करना है। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन (इंटरपोल) के अनुसार, जालसाजी वित्तीय साधनों से भूमिगत अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है और संगठित आपराधिक तथा आतंकवादी नेटवर्क की गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। जाली मुद्रा की मात्रा का सही आकलन करने के लिए पार्ट्स पर मिलियन (पीपीएम) माप का उपयोग किया जाता है।

नकली मुद्राएं वैश्विक समस्या उत्पन्न करती हैं। यू.एस. डॉलर को दुनिया की सबसे ज़्यादा जाली मुद्रा कहा जाता है। कुछ नकली यू.एस. डॉलर बहुत उच्च गुणवत्ता के बताये जाते हैं। धोखेबाज़ उन्हें वैध मुद्रा के रूप में बेचने की कोशिश करते हैं, या उनका उपयोग ऋण या क्रेडिट लाइन प्राप्त करने के लिए करते हैं। 2002 में मुद्रा लॉन्च होने के बाद से दूसरा सबसे लोकप्रिय नकली बैंक नोट यूरो है। हालांकि, दुनिया के कई हिस्सों में केंद्रीय बैंक नवीनतम तकनीक का उपयोग करके नकली-प्रूफ़ मुद्राएं बनाने के लिए काम कर रहे हैं, जिसमें ऐसी विशेषताएं हैं जिनके नकली बनाना मुश्किल है।

ऐसी विशेषताओं में बिलों पर उभरी हुई इंटाग्लियो प्रिंटिंग, सीरियल नंबर, वॉटरमार्क और सुरक्षा धागे और सिक्कों पर मिल्ड या पीछे हटने वाले किनारे शामिल हैं। प्रशिक्षित आंखों के लिए, नकली भारतीय मुद्रा नोटों की पहचान करना बहुत मुश्किल नहीं है। असली भारतीय मुद्रा नोटों में नोट में एक सुरक्षा धागा लगा होता है। जांच करने के लिए, किसी को लेबल को पारदर्शी रखना होगा और उसे थोड़ा घुमाना होगा। हालांकि, स्मार्ट करेंसी जालसाजों के भी नवीनतम तकनीक तक पहुंच हैं। यह केंद्रीय बैंकिंग प्रणाली के सामने एक बड़ी समस्या खड़ी कर रहा है। धोखाधड़ी करने वाले समूह या व्यक्ति दुनिया भर में नकली बैंक नोट और अन्य वित्तीय साधनों के लिए उभरती हुई तकनीक का उपयोग कर रहे हैं।

दुनिया के सबसे ज़्यादा नकली नोटों में शामिल हैं: अमेरिकी डॉलर, ब्रिटिश पाउंड, यूरो, ऑस्ट्रेलियाई डॉलर, फिलीपीनपेसो, कनाडाई डॉलर, दक्षिण अफ्रीकी रैंड, न्यूजीलैंड डॉलर और मलेशियाईरिंगिट। संयोग से, ये सभी परिवर्तनीय मुद्राएं हैं। दूसरी ओर, भारतीय रुपया केवल आंशिक रूप से परिवर्तनीय है। जबकि इसे वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार के लिए स्वतंत्र रूप से विदेशी मुद्रा में और इसके विपरीत परिवर्तित किया जा सकता है, यह पूंजी खाते में पूरी तरह से परिवर्तनीय नहीं है जिसका अर्थ है कि इसे केवल सीमित कारणों से विदेशी मुद्राओं में और इसके विपरीत बदला जा सकता है। इस प्रकार, नकली भारतीय मुद्रा ज्यादातर भारतीयों की समस्या बनी हुई है।



## ललित सुरजन की कलम से

### हाथी, टमाटर और आदिवासी

*छत्तीसगढ़ में हाथियों का आना क्यों शुरू हुआ? यह सवाल सबसे पहले उठना चाहिए। झारखंड तथा उड़ीसा के सीमावर्ती जंगलों में हाथियों की रिहाइश लंबे समय से रही है। वह अब उजड़ती जा रही है। उन जंगलों में कोयला, लौह, अयस्क आदि खनिजों के भंडार हैं जिनका दोहन पिछले कुछ वर्षों में बहुत तेजी के साथ बढ़ा है। इसके कारण पहले तो साल और अन्य बेशकीमती वृक्षों की अंधाधुंध कटाई प्रारंभ हुई। हाथी शाकाहारी प्राणी है। जंगलों के कटने से उसके भोजन के स्रोत धीरे-धीरे करके खत्म होने लगे। फिर जंगल इलाके में बुलडोजर, डम्पर, एक्सकेवेटर, ट्रक इत्यादि की आवाजाही के लिए सडक़ बनना शुरू हुई। इससे हाथी भयभीत होकर यहां-वहां भागने लगे। भारी मशीनों के नीचे दबकर इनकी मौतें भी हुई। इसके बाद खदानें खुदने से बड़े-बड़े दैत्याकार गड्ढे निर्मित होने लगे, ये भी हाथियों की मृत्यु का कारण बने। ऐसे में हाथियों का भागकर छत्तीसगढ़ आना शुरू हुआ। जब तक संख्या कम थी तब तक किसी का ध्यान नहीं गया, अब परेशानी ही परेशानी है। पर्यावरण का विनाश करने की कीमत इस रूप में चुकाना पड़ेगी यह किसी ने नहीं सोचा था। शायद आज भी नहीं सोच रहे हैं। पहले किसी परियोजना के लिए पर्यावरण स्वीकृति के कठोर नियम थे, वे लगातार शिथिल किए जा रहे हैं। आज समस्या यह है कि एक तरफ हनुमान जी का अवतार माने जाने वाले बंदरों के उत्पात से दिल्ली तक की जनता त्रस्त है, तो दूसरी तरफ गणेश जी के अवतार हाथी के साथ संघर्ष का दौर प्रारंभ हो गया है।*

*(देशबन्धु में 15 दिसम्बर 2016 को प्रकाशित)*

https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/12/blog-post_14.html

## पावन प्रसंग

### सेवाभावी नेतृत्व

नेतृत्व का अर्थ है- वह वर्चस्व जिसके सहारे परिचितों और अपरिचितों को अंकुश में रखा जा सके, अनुशासन में चलाया जा सके। आमतौर से मनुष्य अनगढ़ होते हैं। छोटे बच्चे जागने से लेकर सोने तक ऐसे ही उछल-कूद करते रहते हैं। उनकी भाग-दौड़ का न कोई प्रयोजन होता है और न लाभ। मनमरजी चलाने में उन्हें मजा आता है। इशारे से समझाने पर मानते नहीं। उन्हें काबू में रखना, शिष्टाचार बरतने के लिए सहमत करना, पढ़ने जैसे किसी उपयोगी काम में लगाना तभी संभव होता है, जब उनके पीछे व्यवहार कुशल अध्यापक या अभिभावक लगें। यही नेतृत्व है।

आत्मानुभूति यह भी होनी चाहिए कि सबसे बड़ी पदवी इस संसार में मार्गदर्शक की है। नाविक और अध्यापक जो स्नेह, सम्मान पाते हैं; अगणितों को कृतज्ञ बनाते और पार लगाते हैं; वह साधारण नहीं, असाधारण बात है। उतना कर पाना आत्मसंतोष के लिए सबसे बड़ा आधार है। लोकश्रद्धा इसी के सहारे अर्जित होती है। संसार में जो भी महामानवों की श्रेणी में पहुंचे हैं, उन सभी को जनसमर्थन- जन- सहयोग निश्चित रूप से मिला है। यह किस प्रकार सुलभ-संभव है, उसकी विद्या अनुभव- अभ्यास में उतार लेना महती सफलताओं में एक गिनी जा सकती है।

अपने दुर्गुण, कुविचारों एवं हेय कार्यों पर कड़ी नजर रखी जाए, उनका विरोध-असहयोग जारी रखा जाए तो कोई कारण नहीं कि जीवन को उच्चस्तरीय बनाने वाली सत्प्रवृत्ति अपने अभ्यास में न उतर सके। यह बहुत बड़ी बात है। नम्रता, सज्जनता, शिष्टता, उदारता, सेवा- भावना के बलबूते कोई भी व्यक्ति लोकप्रिय एवं श्रद्धास्पद बन सकता है। साथ ही उस समर्थन के कारण हर क्षेत्र में प्रगति के लिए अवसर मिलते रहने का सिलसिला अनायास ही चल पड़ता है।

वरिष्ठ व्यक्तियों को समझदारी, ईमानदारी, जिम्मेदारी और बहादुरी को अपने व्यक्तित्व में समाविष्ट करना पड़ा है। इससे कम में सस्ते मोल खरीदी गई नेतागीरी एक धूर्तता है, जिसकी कलई खुले बिना रह नहीं सकती। बिना जड़ का खोखला पेड़ कब तक खड़ा रह सकता है। वाणी की वाचालता और शेखीखोरी किसी को क्षण भर के लिए प्रभावित कर सकती है, किंतु उसे जनसाधारण के अंतराल में श्रद्धाभरा स्थान नहीं दिला सकती और इसके बिना नेतृत्व गहरा एवं चिरस्थायी नहीं हो सकता।

श्रमशीलता, मितव्ययता, स्वच्छता, सुव्यवस्था, सज्जनता, शिष्टता, सहकारिता, उदारता, संयमशीलता, मिलनसारी जैसे गुणों को परिजनों के स्वभाव में उतारने के लिए उनका कार्यक्रम ऐसा बनाना चाहिए, जिसके सहारे इन प्रवृत्तियों को दैनिक क्रियाकलापों में सम्मिलित रखकर चलना पड़े। यह वस्तुत: बहुत बड़ा उपार्जन या अनुदान है।

-युग निर्माण योजना

## आपके पत्र

### जागरुकता से उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा

उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए सरकार अभियान चलाती आई है इससे लोगों में होशियारी बढ़ी जरूर है मगर फिर भी उपभोक्ता ठगने से पूरी तरह नहीं बच पाता। ऐसा होता ही है कि जागरूक उपभोक्ता न क्वालिटी में ठगाता है न दाम में। आज बाजार में भी दुकानदारों की होशियारी का आलम है। दुकानदार बड़ी चतुराई से मनमाफिक दाम वसूल लेता है और मजबूर उपभोक्ता समझते हुए भी विरोध नहीं करता इसी वजह से उनका शोषण भी होता है। लेकिन हिम्मत वाले उपभोक्ता का साहस अपराधियों को दंड दिलाने का काम करता है। चवन्नी/अठन्नी भले ही आज बाजार में व्यवहारिक रूप से चलन में नहीं हो पर ऑनलाइन खरीदी, बिक्री में उसका लेन-देन बरकरार है। देखने में आता है कि बाजार में अब ?5 से ऊपर के ही बाकी बचे पैसे देने का रिवाज बनता जा रहा है। एक/दो रुपए के सिक्के चलन में होने के बावजूद दुकानदार बड़ी होशियारी से इनके नहीं चलने या बंद होने का हवाला देकर टॉफी आदि देकर और ज्यादातर राउंड फिगर में दाम वसूल लेता है। उपभोक्ता भी फालतू की टसल की बजाय उसे स्वीकार कर लेता है लेकिन प्रतिदिन का यह आंकड़ा सालाना लाखों/करोड़ों में पहुंच जाता है जो उपभोक्ता की जेब पर सीधे-सीधे डाका है। बाकी नहीं देने या सिक्के नहीं लेने की शिकायत का माद्दा बहुत कम लोग ही रखते हैं और जो उपभोक्ता फोरम तक पहुंचता है उसे भरपूर मुआवजे के साथ ही धोखाधड़ी करने वाली संस्थाओं/ दुकानदारों को उचित दंड भी मिलता है। कुछ समय पहले चेन्नई के उपभोक्ता को डाक विभाग द्वारा मात्र अठन्नी कम दिए जाने के मामले में 15 हजार के मुआवजे से दंडित किया गया था उससे सबक लेकर उपभोक्ताओं को जागृत होना चाहिए। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण कई मामले उपभोक्ता की सजगता से न केवल उजागर हुए हैं बल्कि लापरवाही और बेइमानी दंडित भी हुई है। उपभोक्ताओं को चाहिए कि वे एक एक पैसे का पूरा हिसाब दुकानदार से ले। कम से कम दुकानदार भी इमानदारी का परिचय दे। दोनों हाथ से ताली बजेगी तो अधिक उचित रहेगा।

**अमृतलाल मारू 'रवि' इंदौर मप्र**

### अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के विरूद्ध लगातार दूसरे दिन वन विभाग ने की कार्रवाई

# 2 ट्रैक्टर व एक ट्रॉली जप्त कर मालिकों व चालकों के विरुद्ध बनाया प्रकरण

टीकमगढ़। मुख्य वन संरक्षक वन वृत छतरपुर एवं वन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ के दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन में वन अपराधों पर अंकुश एवं नियंत्रण स्थापित करने के लिए वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार को 03 दिसम्बर 2024 की अल सुबह मे मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि वन परिक्षेत्र जतारा की बीट हरपुरा के संरक्षित कक्ष क्रमांक पी 260 बी के जंगल में वन माफियाओं के द्वारा तीन से चार ट्रेक्टर लगाकर संगठित रूप से वन क्षेत्र में बहने पटपुरा नाले से अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन का कार्य किया जा रहा है। सूचना के आधार पर वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के द्वारा दल का गठन करते हुए मौके पर वन अमले को भेजा गया तो वन क्षेत्र से बहने वाले पटपुरा नाले के किनारे दो ट्रेक्टर मय ट्राली के वन क्षेत्र से रेत का उत्खनन कर रेत को ट्रालियों में लोड करते हुए पाए गए। वन अमला ट्रैक्टरों के नजदीक पहुंचा तो एक लाल रंग का महिंद्रा ट्रेक्टर मय ट्राली और दूसरा नीले रंग का न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर मय ट्रॉली वन अमले को देखकर रेत को जंगल में डंप करके भागने लगे। नीले रंग का न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर कीचड़ में फसने और ट्राली पलटने से ट्रेक्टर को मय ट्रॉली छोड़कर वाहन चालक भागने में सफल रहा। वन अमले द्वारा भागे गए महिंद्रा ट्रैक्टर का पीछा करके उसकी जप्ती की गई तथा दूसरे ट्रैक्टर नीले रंग के न्यू होलैंड ट्रैक्टर पंजीयन क्रमांक एमपी 36 ए 8784 मय ट्रॉली की मौके से जप्ती करके स्थानीय समिति सदस्यों की पहचान के आधार पर उक्त कृत्य में शामिल आरोपी वाहन चालकों एवं वाहन मालिकों के नाम से नामजद वन अपराध अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करने के कारण भारतीय वन अधिनियम 1927 की सुसंगत धाराओं के तहत् वन अपराध



प्रकरण क्रमांक 248/04 दिनांक 03/12/2024 पंजीबद्ध किया जाकर एक नग ट्रैक्टर एवं दो नग ट्रॉलियों की मय रेत के जप्ती करने के वाद सुरक्षित वन परिक्षेत्र कार्यालय जतारा लाया गया। उक्त कार्रवाई वनपरिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में की गई। वन परिक्षेत्र जतारा के वन अमले के रूप में कार्यवाहक वन क्षेत्रपाल रामकुमार वर्मा, केशरी सिंह घोष डिप्टी रेंजर, अश्वनी कुमार मिश्रा डिप्टी रेंजर, वनपाल रियाजउद्दीन काजी, राजेश विक्रम सिंह, चोदे प्रसाद, ओमप्रकाश रैकवार, वनरक्षक शिवम पटेल, प्रमोद अहिरवार, विवेक वंशकार, धीरज सोनी, ललित राय, अमन प्रजापति, विकास बाबू वर्मा, प्रेम नारायण अहिरवार, जयराम अहिरवार, पुष्पेंद्र बुंदेला, शिवशंकर अहिरवार, लखन कुशवाहा, दिनेश रजक, जयप्रकाश यादव, यासीन खान, अजय सैनी, अनिल जैन, राजकुमार अहिरवार, स्थाईकर्मी अनिल द्विवेदी, आजाद खान एवं वाहन चालक शहीद खान और समिति सदस्य विष्णु घोष, रघुवीर घोष इत्यादि उपस्थित रहे।

### हायर सेकेंड्री स्कूल दिगौड़ा की प्रयोगशाला में चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

# चौकीदार सहित सामान खरीदने बाला कबाड़ी गिरफ्तार




टीकमगढ़, देशबन्धु। जिले के ग्राम पंचायत दिगौड़ा के हायर सेकेंडरी स्कूल में हुई चोरी का मंगलवार को पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस कंट्रोल रूम में एडिशनल एसपी सीताराम ने बताया कि स्कूल के चौकीदार ने चोरी की घटना को अंजाम देकर एक कबाड़ी की दुकान में बेच दिया था। पुलिस ने चौकीदार सहित दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी सीताराम ससत्या ने बताया कि 30 नवंबर को शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल दिगौड़ा के प्राचार्य कृष्ण प्रकाश साहू ने स्कूल में चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि प्रयोगशाला में रखे 7 संयुक्त सूक्ष्मदर्शी, 13 सामान्य सूक्ष्मदर्शी, प्रोजेक्टर (स्लाइड)1 नग, डी सेक्शन बॉक्स 5 बड़े, डी सेक्शन बॉक्स 2 छोटे, गेनांग पोटोमीटर 10 नग, डी सेक्शन ट्रे 4 नग और रेस्पायरी मीटर 6 नग चोरी कर लिए हैं। प्राचार्य की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 305 ए, 331 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया था। घटना की जांच के लिए एसपी मनोहर मंडलोई ने जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम के नेतृत्व में टीम का गठन किया। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान स्कूल के चौकीदार हरगोविंद अहिरवार पर संदेह हुआ। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इस दौरान चौकीदार ने चोरी का जुर्म कबूल करते हुए बताया कि रविवार होने के कारण स्कूल की छुट्टी थी। उस दिन उसकी अकेले ड्यूटी लगी थी। तभी उसने प्राचार्य कक्ष से चाबी निकालकर प्रयोगशाला में रखा सामान बोरी में रखकर बाहर छिपा दिया। जब डयूटी की बदली हुई तब बोरी को अपनी बाइक पर रखकर दिगौड़ा लाया और घनश्याम नट की कबाड़ी की दुकान में बेच दिया था।

### सामान बरामद कर आरोपियों को पहुंचाया न्यायालय

पुलिस ने चौकीदार की निशानदेही पर घनश्याम नट के कबाड़े की दुकान से सामान बरामद किया। एडिशनल एसपी ने बताया कि घनश्याम नट को भी अपराध में आरोपी बनाया गया। आरोपी हरगोविंद (38) पिता लक्ष्मण अहिरवार (स्कूल चौकीदार) और घनश्याम (20) पिता कमलेश नट निवासी दिगौड़ा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

### सीएम राइज स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

# 40 प्रतिशत से अधिक विकलांग होने पर मिलती है 15 सौ रुपए तक की छात्रवृत्तिः बनबासी

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** हितेन्द्र सिंह सिसौदिया प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ के मार्गदर्शन में 3 दिसंबर 2024 को शासकीय सीएम राइज जतारा में दिव्यांग दिवस की अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हरीश बनवासी प्रथम जिला न्यायाधीश जतारा द्वारा उपस्थित बच्चों को दिव्यांग अधिनियम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि दिव्यांग व्यक्तियों को उक्त अधिनियम में समानता, सम्मान और ईमानदारी के लिए समान अधिकार प्रदान किए गए हैं। इसी क्रम में उनके द्वारा दिव्यांग छात्रवृत्ति योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि जिनके माता-पिता की मासिक आय 10 हजार रुपए से कम है और जिनकी विकलांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक है उन्हें कक्षा स्तर पर 400 से 1500 तक प्रति माह छात्रवृत्ति दी जाती है। इसी क्रम में नारायण यादव जेएमएफसी जतारा द्वारा उपस्थित बच्चों को गुड टच वेड टच एवं मोटर अधिनियम के अंतर्गत 18 से कम आयु के बच्चों को मोटर साइकिल ना चलाने की जानकारी दी गई। इसके साथ ही पूर्व में आयोजित निबंध प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागी बच्चों को शील्ड, प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता पीसी जैन, देवराज रजक, प्रभारी प्राचार्य राजेश अहिरवार, शेख शाहिद, राजेंद्र कुमार जैन सहित गणमान्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## धर्मपुरा तिगैला से अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए धर्मपुरा तिगैला से आरोपी को पकड़कर अवैध शराब को जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। दिगौड़ा पुलिस ने बताया है कि पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर रविवार की शाम को कार्रवाई कर धर्मपुरा तिगैला के पास अपने चबूतरे पर आरोपी जितेंद्र घोष निवासी धर्मपुरा अवैध शराब बेच रहा था। पुलिस टीम ने आरोपी के कब्जे से अवैध देशी शराब के 20 क्वाटर जप्त किए। पुलिस ने आरोपी को पकड़कर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। इस कार्यवाही में एएसआई कल्याण सिंह, प्रधान आरक्षक अनिल रिछारिया, विजय सिंह, आरक्षक जाहर सिंह व अजय दांगी की मुख्य भूमिका रही।

### महिलाओं ने नगर कलश यात्रा निकाल कर गायत्री महायज्ञ का कराया शुभारंभ

# देवपूजन, महायज्ञ, संगीत प्रवचन, संस्कार विवेचन व वीडियो प्रदर्शन आज

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** नगर के मंडी भवन के प्रांगण में 3 दिसंबर से 6 दिसंबर तक चार दिवसीय 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का भव्य व विशाल आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर गायत्री परिवार के सदस्यों सहित ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों द्वारा मंगलवार को नगर में विशाल व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं सहित पुरुषों ने भाग लिया। नगर में कलश यात्रा निकलने के दौरान पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रही, पुलिस की देखरेख में ही यह कलश यात्रा निकाली गई। गायत्री परिवार के सदस्य अरिमर्दन सिंह व डॉ बीके झां ने बताया है कि 3 से 6 दिसंबर तक मंडी भवन दिगौड़ा में चार दिवसीय 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन जा रहा है, जिसमें मंगलवार की शाम 4 बजे से नगर में गाजे बाजे के साथ विशाल व भव्य कलश यात्रा गायत्री परिवार के सदस्यों सहित ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों द्वारा निकाली गई। यह कलश यात्रा गायत्री शक्ति पीठ दिगौड़ा से शुरू हुई जो किले का मैदान, मुख्य बाजार, बस स्टैंड से होते हुए मंडी प्रांगण तक निकाली गई। इस कलश यात्रा में पीले वस्त्र धारण कर सैकड़ों महिलाओं ने अपने सर पर कलश रखकर पैदल यात्रा निकाली गई। मंडी प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में 4 दिसंबर को देवपूजन, महायज्ञ, संगीत प्रवचन, संस्कार विवेचन व वीडियो प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। 5 दिसंबर को महायज्ञ, संस्कार, दीपयज्ञ आयोजित किए जाएंगे और 6 दिसंबर को महायज्ञ, विभिन्न संस्कार व विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इन्होंने बताया है कि इस 4 दिवसीय धार्मिक आयोजन में अधिक से अधिक सनातनी व सभी धर्मों के लोग उपस्थित होकर कार्यक्रम में भाग अवश्य लें।

### किसान संघ की जिला व तहसील की मासिक बैठक कुंडेश्वर प्रांगढ़ में आयोजित

# अधिकारियों की लापरवाही के चलते असफल हो रहा राजस्व महाभियानः शिव मोहन



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मंगलवार को भारतीय किसान संघ जिला व तहसील की मासिक बैठक कुण्डेश्वर प्रांगण में आहूत हुई जिसमें सर्वप्रथम भारत माता, भगवान बलराम व दंतोपंत ठेंगड़ी जी का पूजन किया गया। इसके उपरांत सभी को संगठन की रीति नीति से अवगत कराया गया। बैठक में जिला मंत्री राजेंद्र श्रीवास्तव ने तहसील अध्यक्ष से तहसील व ग्राम समितियों की कार्यकारिणी की जानकारी लेकर संगठन विस्तार पर भी चर्चा की। इसके बाद जिलाध्यक्ष शिव मोहन गिरि ने सभी से कहा कि संगठन आपके हित में सदैव कार्य कर रहा है। भारतीय किसान संघ लगातार विभागीय बैठके कर रहा है जिनके माध्यम से किसानों की समस्याओं को हल कराने का प्रयास हो रहा है। भारतीय किसान संघ की मांग पर ही सरकार द्वारा राजस्व महा अभियान की शुरुआत की गई। राजस्व महा अभियान 1, इसके बाद राजस्व महा अभियान 2 और अब राजस्व महा अभियान 3 चल रहा है, लेकिन जब तक अधिकारी पूर्ण निष्ठापूर्वक अपने कर्त्तव्य का निर्वाहन नही करेंगें तब तक कुछ नही हो सकता। भारतीय किसान संघ महसूस कर रहा है कि भ्रष्टाचार जिले में चरम सीमा पर है, राजस्व विभाग की अनेकों समस्याएं भारतीय किसान संघ के पास है। भारतीय किसान संघ इसको लेकर एक विशाल किसान जागरूक सम्मेलन आयोजित करना चाहता है, जहां हजारों किसान अपनी ताकत दिखाएंगें। इसके बाद तहसील अध्यक्ष रामचंद्र श्रोती ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन तहसील उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने किया। इस बैठक में जिला जैविक खेती प्रमुख संतोष राजपूत, जिला कार्यकारिणी सदस्य रामकिशन पाल, तहसील मंत्री निर्देश अहिरवार, तहसील उपाध्यक्ष मोहन गौतम, तहसील जैविक खेती प्रमुख देवराज रजक, तहसील कार्यकारिणी सदस्य बृजलाल अहिरवार, डरु रजक, गंगाराम अहिरवार, रामसुमरन यादव, राजू चौबे, राजपाल यादव सहित कई किसान व मातृशक्ति मौजूद रही।

## खेत में शौच करने से मना करने पर विवाद

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम प्रतापपुरा में पीड़ित के खेत में गांव का एक व्यक्ति शौच करने गया, पीड़ित ने मना किया तो उसने विवाद किया व मारपीट करने को तैयार हो गया। पीड़ित ने इस घटना की रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज कराई है। पीड़ित व्यक्ति राकेश लुहार निवासी प्रतापपुरा ने बताया है कि उसके खेत में गांव का छोटू पाल आए दिन शौच करता है। मंगलवार की सुबह उसको खेत में शौच करने के लिए मना किया तो उसने लड़ाई झगड़ा किया और मारपीट करने को तैयार हो गया। विवाद बढ़ता देख पीड़ित व्यक्ति ने घटना की रिपोर्ट पुलिस थाना में दर्ज कराई है।

# बांग्लादेश के खिलाफ साधु-संतों का विरोध प्रदर्शन आज



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले के साधु संतों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर विरोध जताया है। बीते सोमवार की रात इस संबंध में धर्मगुरु आरुष महाराज ने अपना बयान जारी किया है। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को मानव जाति के लिए काला समय बताया है। इसके विरोध में 4 दिसंबर को रैली का आयोजन रखा है। महाराज ने बताया कि शहर के नजरबाग में 4 दिसंबर को समस्त हिंदूवादी और धार्मिक संगठनों के लोग एकत्रित होंगे। दोपहर 1 बजे से नजरबाग परिसर से विशाल रैली निकाली जाएगी। आरुष महाराज ने कहा कि बांग्लादेश में लगातार हिंदुओं की संख्या घट रही है। 1947 में बांग्लादेश में हिंदुओं की संख्या 22 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 7 प्रतिशत बची है। उन्होंने कहा कि अगर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर विरोध नहीं जताया गया तो आगामी दिनों में भारत में भी ऐसे ही हालात देखने को मिलेंगे। उन्होंने बताया कि विरोध प्रदर्शन में जिले भर के साधु संतों के अलावा विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, गायत्री परिवार सहित विभिन्न हिंदूवादी और धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। नजरबाग से रैली शुरू होकर नगर भ्रमण करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंच कर प्रधानमंत्री और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि रैली की तैयारी को लेकर 3 दिसंबर को नजरबाग स्थित रामराजा मंदिर परिसर में बैठक रखी गई है। जिसमें सनातन धर्म से जुड़े समस्त लोगों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में रैली की रूपरेखा बनाई जाएगी और दायित्व सौंपे जाएंगे।

## बिजली लाइन के टावर के रुपयों को लेकर 2 लोगों में विवाद



**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बीरऊ में बिजली की बड़ी लाइन के टावर के रुपयों को लेकर एक व्यक्ति का गांव के एक व्यक्ति से विवाद हो गया। पीड़ित ने इस घटना की रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज कराई है। पीड़ित व्यक्ति संजीव पिता खुशीराम यादव निवासी बीरऊ ने बताया है कि उसके खेत से बिजली की बड़ी लाइन का टावर निकल रहा है। उसी के रुपयों को लेकर आज दोपहर गांव के देवेन्द्र यादव से उसका विवाद हो गया। इस विवाद में देवेन्द्र ने पीड़ित से लड़ाई झगड़ा किया व मारपीट करने को तैयार हो गया। विवाद बढ़ता देख पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट पुलिस थाना में दर्ज कराई गई।

### द्रोणा कान्वेंट स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

# छात्रों ने मॉडलों, परियोजनाओं के माध्यम से वैज्ञानिक सिद्धांतों की विधियों को किया प्रदर्शित



**पलेरा, देशबन्धु।** नगर के द्रोणा कान्वेंट स्कूल में बीते मंगलवार के दिन विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पटेरिया एवं सीएम राइज विद्यालय के प्राचार्य महेश रावत समेत थाना प्रभारी मनीष मिश्रा उपस्थित रहे। भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पटेरिया ने कार्यक्रम का अवलोकन करते हुए कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी एक मजेदार और शैक्षणिक कार्यक्रम है, जहाँ छात्र अपनी वैज्ञानिक परियोजनाओं का प्रदर्शन करते हैं। बच्चे अपने द्वारा किए गए प्रयोग, मॉडल या शोध प्रस्तुत कर सकते हैं। यह एक विज्ञान मेले की तरह है जहाँ बच्चे अपने विचार साझा करते हैं और दिखाते हैं कि उन्होंने क्या सीखा है। इसी प्रकार प्राचार्य महेश रावत ने कहा कि स्कूलों में विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों को उनकी नियमित सोच और निष्पादन क्षमताओं से परे जाने के लिए प्रोत्साहित करने का एक लोकप्रिय तरीका रहा है। ये ना केवल बच्चों को विज्ञान की अपनी समझ दिखाने का अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें अपनी पाठ्यपुस्तकों से परे शोध और अध्ययन करने के लिए प्रेरित करते हैं ताकि वे अनूठी अवधारणाओं, विचारों और सिद्धांतों के साथ सामने आ सकें। विज्ञान प्रदर्शनी के दौरान द्रोणा कान्वेंट स्कूल के छात्र एवं छात्राओं ने हिस्सा लेते हुए अपने मॉडल प्रदर्शित किए। बच्चों ने ग्रीन हाउस, रक्त जांच, थ्रीडी होलोग्राफी, घरेलू बिजली के उपकरण, इंटरनेट बैंकिंग, ई-कॉमर्स, सौरमंडल सिस्टम, पंजाबी सभ्यता, एयर कूलर, झरना आदि के मॉडल प्रदर्शित किए। अंत में विज्ञान प्रदर्शनी में हिस्सा लेने वाले सभी बच्चों को स्कूल प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। द्रोणा कान्वेंट के डायरेक्टर हफीजउल्ला खान ने कहा कि बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा सामने लाने के लिए ही विद्यालय कार्य करते हैं। इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों को ऐसा मंच मिलता है जिसमें बच्चे अपनी प्रतिभा को सामने ला सकते हैं। यह प्रदर्शनी छात्रों के बीच टीमवर्क और सहयोग की क्षमता बनाने में भी मदद करती है। प्रतियोगिता में छात्रों ने विभिन्न मॉडलों व परियोजनाओं के माध्यम से वैज्ञानिक सिद्धांतों की विधियों को लागू करके दिखाया। इस दौरान शिक्षक सैयद याकूब, सुरभि खटीक, प्रियंका राजपूत, हेमलता चौधरी, माया अहिरवार, केके यादव, इकरार अहमद उपस्थित रहे।

एएनएम बोलीं-साहब यहां प्राइवेट अस्पतालों में टीकाकरण कराने का चलन है

# कलेक्टर हुए नाराज, बोले-अच्छा काम करो तभी आएंगे लोग



दमोह, देशबन्धु। शहरी क्षेत्र दमोह के सुभाष कालोनी, आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 12 और महाराणा प्रताप वार्ड मोरगंज आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 24 में आयोजित नियमित टीकाकरण सत्र का कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने औचक निरीक्षण किया। इसमें एक जगह निजी क्लीनिकों में टीकाकरण अधिक होने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। इस दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विशाल शुक्ला एवं डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि डॉ. अंकिता विशेष रूप से मौजूद रहे। सुभाष कॉलोनी के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 12 पर आयोजित टीकाकरण सत्र का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर कोचर द्वारा एएनएम के पास ड्यूटी लिस्ट के अनुसार टीकाकरण के लिए आए हुए बच्चों की संख्या पर संतोष जताया। इस अवसर पर उन्होंने वैक्सीन को सही तरीके से सुरक्षित कोल्ड चेन में रखकर ही टीकाकरण करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात टीकाकरण कार्ड के काउंटर फाइल वाले रिकॉर्ड को अपने पास संधारित करने एवं पहले टीका लगाने बाद में रिकॉर्ड भरने के स्पष्ट निर्देश दिए। यह भी कहा कि किसी भी हितग्राही को ज्यादा देर टीका लगाने के लिए इंतजार ना करना पड़े। टीका लगाने के बाद कम से कम आधे घंटे तक हर एक हितग्राही को केंद्र पर ही रोकने की सलाह दी।

**प्राइवेट से अच्छा काम करके दिखाओ:** केंद्र क्रमांक 24 मोरगंज गल्ला मंडी पर टीकाकरण सत्र का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर कोचर ने एएनएम को हितग्राहियों की लिस्ट देखकर सभी बच्चों और महिलाओं को केंद्र पर बुलाकर टीकाकरण कराने के निर्देश दिए। एएनएम द्वारा जब ये बताया गया कि इस केंद्र के आसपास के हितग्राहियों ने प्राइवेट में जाकर टीकाकरण कराने का प्रचलन है। इस पर कलेक्टर द्वारा पहले नाराजगी व्यक्त की गई कि शासकीय सिस्टम में भरोसा जताइए, प्राइवेट से बेहतर काम कीजिए, तभी लोग शासकीय वैक्सीन लगवाने आएंगे। कोई भी अनावश्यक पैसे खर्च नहीं करना चाहता, विश्वास पैदा कीजिए कि आप बेहतर काम करती हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश जैन ने बताया कि बच्चों को जानलेवा बीमारियो एवं विकलांगता से बचाव एवं सुरक्षा हेतु टीकाकरण सर्वाधिक असरदार उपाय है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर माह के मंगलवार और शुक्रवार को नियमित टीकाकरण सत्र समुदाय के निकट ही आयोजित किए जाते हैं। जिले को मीजल्स-रूबेला जैसी जानलेवा बीमारियो के उन्मूलन हेतु शत-प्रतिशत बच्चों को पूर्ण टीकाकृत करने विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। सत्र संचालन की प्रभावशीलता बनाए रखने जिला स्तर से टीकाकरण सत्र पर निगरानी रखी जा रही है।

# सेवानिवृत्त आरआई ने कहा-साहब 4 माह बाद भी नहीं मिली राशि

## एसडीएम बोले-4 दिन में दें हक, मौके पर किया समस्याओं का निराकरण



**दमोह/तेंदूखेड़ा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत कार्यालय के प्रांगण स्थित गरीबी हटाओ ऑफिस के हॉल में मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन हुआ। इसमें एसडीएम सौरभ गंधर्व, तहसीलदार सोनम पांडे, नायब तहसीलदार चंद्र शेखर शिल्पी और सीईओ मनीष बागरी मौजूद रहे। जनसुनवाई में नगर परिषद के रिटायर राजस्व निरीक्षक मोहन साहू ने आवेदन देकर बताया कि रिटायरमेंट के बाद नगर परिषद द्वारा भुगतान चार महीने बाद भी भुगतान नहीं किया है। इससे परिवार चलाने में काफी परेशानी हो रही है। जिस पर एसडीएम ने नगर परिषद से चार दिन में दो लाख रुपए दिलाने सहित अन्य राशि एक दो माह के अंदर दिलाने के निर्देश दिए। इसी तरह एक आवेदक रवि घोसी ने सरपंच द्वारा सरकारी खकरी के पत्थर निकलकर निजी उपयोग करने का आवेदन दिया। जिस पर बम्होरी पंचायत जाकर तहसीलदार को स्थल निरीक्षण करने के आदेश दिए। जरूरी होने पर खुद स्थल का निरीक्षण करेंगे। इसी तरह एक आवेदक ने कुटी न मिलने की शिकायत की। जिस पर सीईओ ने बताया कि आवेदक सरकार की गाइडलाइन में नहीं आता जिसके चलते आवेदन पंचायत सचिव ने निरस्त कर दिया। इसी तरह बम्होरी पंचायत के आवेदक बबलू घोसी ने अपने पीएम आवास की तीसरी किस्त नहीं मिलने की शिकायत कर बताया कि रोजगार सहायक दस हजार रुपए की मांग कर रहा है। जिस पर एसडीएम ने सीईओ को कार्रवाई करने को कहा। जिस पर सीईओ ने तत्काल बैंक स्टेटमेंट चेक कर बताया कि तीसरी किस्त की राशि 30/8/2018 को जनपद द्वारा जारी की गई थी। जिसे आवेदक ने उसी दिन एक घंटे के अंदर पहले 20000 फिर 5 हजार रुपए की राशि निकाल ली थी अब झूठी शिकायत कर रहा है। इस पर संबंधित के खिलाफ झूठी शिकायत कराने पर मामला दर्ज कराएंगे। इस तरह एक तीस प्रतिशत विकलांग ने बैटरी चलित ट्राइसाइकिल की मांग की। जिस पर सीईओ मनीष बागरी ने बताया कि 50 प्रतिशत से अधिक विकलांग होने पर शासन ट्राइसाइकिल देता है। विकलांग का कोई सहारा न होने के चलते मानवीयता के कारण विकलांग पेंशन का लाभ दे रहे हैं।

### इनका कहना है

जनसुनवाई में आए सभी मामलों का निराकरण किया गया। जनसुनवाई में ज्यादा लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इसलिए नगर परिषद के वाहनों से एक सप्ताह तक मुनादी करने के निर्देश दिए हैं।

**सौरभ गंधर्व, एसडीएम तेंदूखेड़ा**

# खाना बनाते समय गैस लीकेज होने से महिला झुलसी



**दमोह, देशबन्धु।** घर में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर लीकेज होने से आग में झुलसी एक महिला को गंभीर हालत में इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार रोशनी पति बहादुर सिंह उम्र 35 वर्ष (हाल मुकेश कालोनी) भीलमपुर खाना बनाते समय सिलेंडर लीकेज होने से आग से झुलस गई। जिसके बाद घायल महिला को इलाज हेतु जिला अस्पताल लाया गया है। जहां पर महिला का इलाज जारी है।

# विशेषज्ञ डॉक्टरों ने माताओं को बच्चों संबंधी बीमारी की जानकारी दी

▸ नवजात बच्चों की देखरेख संबंधी कार्यशाला का हुआ आयोजन



**दमोह, देशबन्धु।** राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह के अंतर्गत जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू में भर्ती गम्भीर बच्चों की देखरेख संबंधी कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें इंचार्ज डॉ. जलज बजाज के साथ डॉ. सोनू, डॉ. रोहित जैन, डॉ. सुनील जैन, डॉ. पीयूष, डॉ. आरिफ डॉ. आरिफ खान आदि उपस्थित रहे। कार्यशाला के बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दमोह द्वारा स्वयं कार्यशाला की समीक्षा की गई।

कार्यशाला के दौरान मदर वार्ड में भर्ती माताओं को नवजात शिशु संबंधी बहु उपयोगी ज्ञान दिया गया। एसएनसीयू की इंचार्ज सिस्टर बरखा को प्रतिदिन केएमसी काउंसलिंग, ब्रेस्टफीडिंग काउंसलिंग, न्यूट्रीशनल काउंसलिंग इत्यादि के बारे में प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए गए। डिस्चार्ज होने के पश्चात किस-किस दिन फॉलोअप और विजिट पर आना है, इसके लिए भी जानकारी देने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए। इस दौरान उपस्थित आशा को होम बेस्ड न्यूबॉर्न केयर हेतु पूछ परख की गई। कार्यशाला समापन पर मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के साथ जिला स्वास्थ्य अधिकारी, जिला टीकाकरण अधिकारी एवं जिला कम्युनिटी मोबिलाइजर के साथ अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बालिकाओं को दी जानकारी



**दमोह, देशबन्धु।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खड़ेरी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत बाल हितैषी पंचायत निर्माण हेतु चयनित पंचायत की शाला में बालक-बालिकाओं के साथ लैंगिक भेदभाव, बाल विवाह रोकथाम पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शाला में दर्ज 562 बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता एवं प्रबंधन हेतु सेनेटरी पेड वेंडिंग मशीन प्रदाय की गई। जिसे सभी उपस्थित अधिकारियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों व जनपद सदस्य के समक्ष इंस्टाल कराया गया। इस मशीन के महत्व को देखते हुए सभी बालिकाओं ने विभाग को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य मीना पटेल, परियोजना अधिकारी राजकुमार लड़िया, बाल संरक्षण अधिकारी अखिलेश चौबे, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रभारी श्रेयस रावत, जिला समन्वयक किशोर सशक्तीकरण कार्यक्रम वीरेंद्र जैन, पुलिस विभाग से प्रधान आरक्षक रिषभ कुमार, सेक्टर पर्यवेक्षक आशा सोनी एवं क्षेत्र की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# कलेक्टर की जनसुनवाई में 4 सौ आवेदनों की हुई सुनवाई

## ग्रामीणों को शिविर लगाकर निराकरण का दिया आश्वासन



**दमोह, देशबन्धु।** जिले भर से आए नागरिकों ने जनसुनवाई में अपनी समस्याएं कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के समक्ष रखीं। इस दौरान 16 पुनरावृत्ति आवेदन, 09 कर्मचारियों के आवेदन और सामान्य जनसुवाई में 192 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा जनसुनवाई में लगभग 400 प्रकरण आए। जिसमें बकैनी गांव के काफी लोग आए थे। उन्होंने अपनी प्रधानमंत्री आवास और अतिक्रमण की समस्या सहित अन्य मामले सामने रखे। इस पर अगले सात दिनों के अंदर शिविर लगाकर और अन्य तरीकों से इसका निराकरण कराएंगे। जनसुनवाई के दौरान 13 आधार कार्ड, 13 आयुष्मान कार्ड एवं 170 व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर मीना मसराम, संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत, डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश सिंह ठाकुर और लोक सेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर प्रांतीय शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन




**दमोह, देशबन्धु।** प्रांतीय शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के तत्वावधान में पूरे मध्यप्रदेश में जिला मुख्यालय पर अपनी मांगों नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता, पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया। इसी तारतम्य में रानी दुर्गावती संयुक्त परिसर दमोह में प्रांतीय शिक्षक संघ जिला इकाई दमोह द्वारा कलेक्टर के माध्यम से अपनी मुख्य मांग नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता देने के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर मनोहर दुबे प्रांताध्यक्ष ,देवेंद्र सिंह लोधी जिला अध्यक्ष, डीसी बैन मीडिया प्रभारी, गुड्डा सिंह ठाकुर ब्लाक अध्यक्ष शासकीय अध्यापक संगठन, केएल चौकसे ब्लाक अध्यक्ष तेंदूखेड़ा प्रांतीय शिक्षक संघ, खिलान सिंह ठाकुर आजाद अध्यापक संघ अध्यक्ष, मोहन आदर्श जिला अजाक्स अध्यक्ष, अजय जैन जनशिक्षक, निर्मल राय जनशिक्षक, टीकाराम करपेटी शिक्षक, गोरेलाल विश्वकर्मा आदि सैकड़ों की संख्या में अध्यापक उपस्थित रहे ।

# डॉ. हरिसिंह गौर को भारत रत्न दिलाने की उठी मांग, संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**दमोह, देशबन्धु।** जिला प्रशासन जन अभियान परिषद दमोह के मार्गदर्शन में छात्र सर्व कल्याण समिति जिला दमोह द्वारा भारतीय संविधान दिवस एवं डॉ. सर हरिसिंह गौर की जयंती के उपलक्ष्य में वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन बीएसडब्लू एवं एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम में अध्यनरत विद्यार्थियों के मध्य किया गया। वैचारिक संगोष्ठी के रूप में मुख्य वक्ता के रूप में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला दमोह के समन्वयक सुशील कुमार नामदेव रहे। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए भारतीय संविधान के महत्व के बारे में प्रकाश डाला साथ ही महान शिक्षा विद सर डॉ. हरिसिंह गौर जी के योगदान से परिचय कराया।

इस अवसर पर जिले के यूथ अचीवर्स एवं संस्था अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने बताया कि हमारे भारत का संविधान अत्यंत विस्तृत और विराट है। सभी को समानता का अधिकार हमारे भारतीय संविधान में दिया गया है। आज बहुत अच्छा अवसर है कि हम सभी भारतीय संविधान दिवस के उपलक्ष्य में उन सभी महापुरुषों का भी स्मरण कर रहे हैं, जिन्होंने इस संविधान को बनाया है। चाहे वह राजेंद्र प्रसाद हों, चाहे डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, चाहे सर हरिसिंह गौर हों। हमारे बुंदेलखंड के महान शिक्षाविद रहे सर डॉ. हरिसिंह गौर भारतीय संविधान निर्माण समिति के सदस्य भी रहे हैं। जिन्होंने अपनी पूरी कमाई की पूंजी सागर विश्वविद्यालय निर्माण में दी। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित जनों ने यह भी संकल्प लिया है कि हम सभी महान शिक्षाविद सर डॉ. हरिसिंह गौर को भारत रत्न दिला कर रहेंगे। इस दौरान राजकुमार सेन, दयाराम पटेल, राहुल खरे, बृजेश सेन सहित अनेक लोगों की उपस्थिति रही।

# शोभायात्रा के साथ ध्वजारोहण से पंच कल्याणक महोत्सव का शुभारंभ

▸ मुनिश्री ने श्रद्धालुओं को बताया धार्मिकता का महत्व, शास्त्र किए गए भेंट



**दमोह, देशबन्धु।** दमोह के शिवनगर में निर्यापक मुनि अभय सागर महाराज के ससंघ मंगल सानिध्य में होने जा रहे पंचकल्याणक गजरथ महोत्सव की शुभारंभ बेला में नन्हे मंदिर से कलश शोभायात्रा निकाली गई। जिसके शिवनगर स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद ध्वजारोहण तथा मंडप शुद्धि से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बुधवार को गर्व कल्याणक पूर्व की क्रियाओं से पाषाण में प्राण प्रतिष्ठा का महोत्सव शुरू होगा। शिवनगर पंचकल्याणक महोत्सव की पावन अवसर पर मंगलवार दोपहर विशाल कलश शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें आकर्षक सुंदर रथ में विराजमान श्रीजी के आगे आगे मुनि संघ अगवानी करते हुए जुलूस में शोभयमान हो रहे थे। शोभायात्रा का नेतृत्व गजराज पर बैठे महोत्सव के सौधर्मेंद्र सुनील डुबुलिया एवं कुबेरइंद्र रिंकू खजरी हाथों में धर्म ध्वज लेकर कर रहे थे। महोत्सव के सभी महा पात्राओं को बगी में बैठाया गया था। जिसमें सोधर्मइंद्राणी एवं कुबेर इंद्राणी भी विराजमान थीं। सबसे आगे अष्टप्रतिहरों को दर्शाया गया था जिनके पीछे बड़ी संख्या में इंद्राणी अपने सिर पर मंगल कलश लेकर पीत वस्त्र में चल रही थीं। जुलूस के सबसे पीछे श्री जी के रथ के सामने मुनि संघ के आगे ललितपुर के अखाड़ा के बालकगण अपने कौशल और करतब को दिखा रहे थे। जिनके पीछे बड़ी संख्या में समाज के प्रतिष्ठितजन जयकारों के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। जुलूस नन्हें मंदिर जैन धर्मशाला से प्रारंभ होकर घंटाघर कीर्ति स्तंभ होता हुआ कलेक्ट्रेट चौराहा पहुंचा जहां से शिवनगर के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण पहुंचे। मुनि संघ को मुख्य पंडाल के सामने मंच पर विराजमान किया गया। जहां पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### धार्मिकता कम हो रही, दिखावा बढ़ रहा है: मुनि सुब्रत सागर

आज के समय में धार्मिकता के संस्कार कमजोर पड़ रहे हैं। धार्मिकता कम हो रही है और दिखावा बढ़ रहा है। साधु सदैव शास्त्रों का सहारा लेकर ही शिक्षा देते हैं पंचकल्याणक में पाषाण से परमात्मा बनने की प्रक्रिया दर्शीयी जाती है। पंचकल्याणक हमें परायापन समाप्त कर अपनापन समाज में जागृत करता है। पंचकल्याणक संसार से मुक्ति का मार्ग बता कर मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करता है। उपरोक्त विचार मुनि सुब्रत सागर महाराज ने सिंघई धर्मशाला में आयोजित मंगल प्रवचनों में व्यक्त किए। इसके पूर्व मंगलाचरण उपरांत बड़े बाबा एवं छोटे बाबा के चित्रों के समक्ष कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के पूर्व अध्यक्ष संतोष सिंघई एवं दिगंबर जैन पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंघई ने ज्ञान ज्योति का प्रज्वलन किया मुनि संघ को शास्त्र भेंट किए गए।

देशबन्धु

## सार-समाचार

### नगरीय प्रशासन मंत्री के सागर आगमन को लेकर तैयारी बैठक संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के 5 दिसंबर को सागर आगमन की तैयारियों को लेकर विधायक कार्यालय में विधायक शैलेन्द्र जैन ने पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में बिंदुवार जिम्मेदारियों की समीक्षा कर उन्होंने कहा कि कैलाश विजयवर्गीय का मंत्री बनने के पश्चात प्रथम बार आगमन हो रहा है। वह हमारे नेता हैं हम सभी मिलकर बुंदेली परंपरा से उनका स्वागत करें। इस अवसर पर निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, श्याम तिवारी, जगन्नाथ गुरैया, मनीष चौबे, रीतेश मिश्रा, नितिन बंटी शर्मा, विनय मिश्रा, यश अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### विधायक ने सीसी रोड का किया निरीक्षण



**सागर, देशबन्धु।** विधायक शैलेन्द्र जैन ने काकागंज वार्ड में 24 लाख रुपए की लागत से नव निर्मित सीसी रोड के निर्माण उपरांत पार्षद एवं पार्टी पदाधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और इस दौरान उन्होंने नालियों की सफाई करने और सड़क के बीच में जो टाटा एवं सीवर लाइन के कनेक्शन हेतु चैंबर्स बनाये गए हैं उनको व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रतिभा चौबे, नीरज गोलू कोरी, कृष्ण कुमार पटेल, मोनू रिछारिया आदि उपस्थित थे।

### पेंशनर्स कार्यालय बंद कर पेंशन का केन्द्रीयकरण करने पर आक्रोश व्यक्त किया



**सागर, देशबन्धु।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा सागर की मासिक बैठक सोमवार को श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर पुरानी कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्रजबिहारी उपाध्याय संभागीय अध्यक्ष ने की। बैठक में उपस्थित पेंशनर्स ने राज्य शासन के सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों की पेंशन स्वीकृति एवं भुगतान का केन्द्रीयकृत किये जाने का विरोध करते हुये आक्रोश व्यक्त किया तथा संभागीय एवं जिला पेंशन कार्यालयों को यथावत चालू रखने की मांग की। बैठक को सुदामा प्रसाद रैकवार, अरविंद चौबे, बीडी साहू एवं राजू स्वर्णकार ने भी संबोधित किया। बैठक में जगदीश प्रसाद बड़गैया, सकुन सोनी, आरएन श्रीवास्तव, एलएन सोनी, शारदा प्रसाद शर्मा, एसएन विश्वकर्मा, कन्हैयालाल करन, विजय कुमार मिश्रा, आरती पचौरी आदि पेन्शनर्स उपस्थित रहे।

### जनसुनवाई में 318 आवेदनों पर हुई कार्रवाई



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में मंगलवार को 318 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। इस दौरान कलेक्टर संदीप जी आर, पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल, जिला पंचायत सीईओ विवेक के वी, संयुक्त कलेक्टर अदिति यादव, सिटी मजिस्ट्रेट जूही गर्ग, डिप्टी कलेक्टर विजय डेहरिया, नवीन सिंह ठाकुर सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# स्कूल परिसर के पीछे मिला नवजात शिशु का जली अवस्था में शव, पुलिस जांच में जुटी

## घटना के बाद एडिशनल एसपी, जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीओ सहित आला अधिकारी पहुंचे



**बंडा/शाहगढ़, देशबन्धु।** छानबीला थाना क्षेत्र में सरकारी स्कूल के बीच नवजात का जली अवस्था में शव मिला है। शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की है। करीब 14 वर्षीय नाबालिग को जिला अस्पताल के प्रसूता वार्ड में भर्ती कराया है। नाबालिग से पूछताछ की गई। लेकिन वह अभी पुलिस के सामने कुछ भी नहीं बोल रही है। पुलिस टीम स्कूल में पहुंची है। जहां मामले से जुड़े साक्ष्य जुटाये जा रहे हैं। वहीं स्कूल स्टॉप समेत अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में स्कूल की सहभागिता बताई जा रही है। वहीं इस संबंध में एसडीओपी शिखा सोनी ने बताया की पुलिस को जले हुये अवस्था में शिशु मिलने की सूचना मिलने पर मौके से शव को बरामद किया गया और पोस्टमॉर्टम के लिये भेजा गया। क्षेत्र के एक शासकीय स्कूल मे एक छात्रा का अचानक पेट दर्द होने लगा। जिसके बाद इसकी सूचना उसकी मां को दी गई। मौके पर छात्रा ने एक शिशु को जन्म दिया। मंगलवार की सुबह नवजात शिशु अधजली अवस्था में स्कूल की दीवार से लगे शमशान घाट पर मिला। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर एडिशनल एसपी, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, जिला परियोजना अधिकारी बृजेश त्रिपाठी, एसडीएम गगन बिसेन, तहसीलदार ज्ञानचंद राय, एसडीओपी शिखा सोनी, थाना प्रभारी उपमा सिंह, चौकी प्रभारी एमएस धुर्वे, बीईओ अशोक तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। वहीं पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया जहां शिशु का शव मिला था। अधिकारियों द्वारा स्टाफ के बयान दर्ज करवाये गये। वही पुलिस को स्कूल प्रबंधक द्वारा घटना की सूचना पुलिस को क्यों नहीं दी गई, इसकी भी जांच की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द जैन ने मीडिया को जानकारी देते हुये बताया कलेक्टर के निर्देश पर स्कूल के समस्त स्टाफ के बयान लिये जा रहे हैं। जांच के दौरान पुलिस ने स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर सुरक्षा में लिया गया है, बयानों और जांच में जो भी शिक्षक दोषी होगा उस पर कार्रवाई की जाएगी। एसडीओपी शिखा सोनी ने बताया स्कूल के पीछे जली हुई अवस्था में नवजात शिशु का शव मिला है, जिसकी जांच चल रही है जो भी तत्व निकलकर सामने आएंगे उस हिसाब से मामले में आगे कार्रवाई की जाएगी।

### विद्युत कर्मचारी महासंघ ने चलाया श्रमिक संपर्क अभियान



**सागर, देशबन्धु।** भारतीय मजदूर संघ के गठन के 70 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मप्र भारतीय मजदूर संघ के आव्हन पर विद्युत कर्मचारी महासंघ सागर द्वारा मंगलवार को राष्ट्रीय महामंत्री किशोरी लाल रैकवार के नेतृत्व में श्रमिक संपर्क अभियान करते हुये परीक्षण एवं संचार मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी एवं एसटीएम संभाग मे संपर्क किया। इस दौरान उनके साथ राजेश दरयानी, रामविवेक गौतम, अतुल खरे, राजकिशोर दुबे, कन्हैयालाल साहू, सौरभ ठाकुर, सतीष लिल्होरे, लक्ष्मी ठाकुर एवं रोशनी सहित अन्य कर्मचारी शामिल हुये। संपर्क के दौरान महामंत्री श्री रैकवार ने भारतीय मजदूर संघ की उपलब्धियों का वर्णन करते हुये कहा कि संघ सदैव मजदूर श्रमिक एवं कर्मचारियों के हित में कार्य करने के लिये अग्रसर रहता है। इस दौरान उन्होंने मौके पर कर्मचारियों से उनकी समस्याओ के संबंध में चर्चा कर उनके शीघ्र निराकरण करवाने का आश्वाशन दिया।

# कलेक्ट्रेट परिसर में फांसी लगाने की कोशिश महिला ने पेड़ पर रस्सी से फंदा बनाया



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई में शिकायत लेकर पहुंची महिला ने परिसर में पेड़ से फंदा लगाने की कोशिश की। फंदा लगाते देख सुरक्षाकर्मी और आसपास के लोग दौड़े। महिला को पकड़ा और समझाइश देकर शांत कराया। वह जमीन संबंधी मामले में शिकायत लेकर जनसुनवाई में पहुंची थी। लेकिन सुनवाई नहीं होने से परेशान थी। दरअसल भूरीबाई अहिरवार निवासी बसाहरी थाना खिमलासा मंगलवार दोपहर सागर कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में पहुंची। उन्होंने बताया कि मप्र शासन ने शासकीय जमीन मौजा बसाहरी में 0.63 हेक्टेयर जमीन का पट्टा वर्ष 2002 में दिया था। उक्त जमीन पर खेती कर रही थी। करीब दो साल खेती करने के बाद उक्त जमीन खाली पड़ी थी, फसल नहीं लगाई। भूरीबाई ने आरोप लगाते हुये कहा कि गांव में रहने वाली एक महिला ने मेरे पति को बहला फुसलाकर उक्त पट्टे की जमीन को अपने नाम करा लिया है। पति सुखलाल अहिरवार का भी करीब 10 सालों से कुछ पता नहीं है।

जमीन के संबंध में जानकारी मिली तो पड़ताल की। पिछले करीब पांच सालों से न्याय की गुहार लगाते हुये सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रही हूं। तहसीलदार, एसडीएम, कलेक्टर और भोपाल तक शिकायत की। लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई है। मजबूरन ऐसा कदम उठाना पड़ा। महिला ने प्रशासन से जमीन वापस दिलाने की मांग की। मामला सामने आते ही प्रशासन की अधिकारी महिला की समस्या का निराकरण कराने के लिये पूछताछ कर रही है। दस्तावेज व अन्य बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

### हृदयरोग से पीड़ित बच्चों हेतु निःशुल्क जांच शिविर कल

**सागर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं आयुष्मान योजना अंतर्गत 0 से 18 वर्ष तक के हृदयरोग से पीड़ित समस्त बच्चों के लिये निःशुल्क हृदय रोग परीक्षण शिविर का आयोजन 5 दिसम्बर को मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक वृन्दावन वार्ड एमएलबी स्कूल के पास प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। जांच शिविर में हेतु हितग्राही को आवश्यक दस्तावेज लाना अनिवार्य है।

### मुन्ना शुक्ला के निधन पर श्रद्धांजली सभा 7 को

**सागर, देशबन्धु।** आदर्श संगीत महाविद्यालय के अध्यक्ष और कला संस्कृति के क्षेत्र में अपनी पृथक पहचान के लिये साहित्यकार मुन्ना शुक्ला के निधन पर 7 दिसम्बर शनिवार को दोपहर 1 बजे से श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया जाएगा। श्यामलम् संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में नगर की समस्त साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और कला से जुड़ी संस्थाएं मुन्ना शुक्ला को श्रद्धांजली अर्पित कर उनकी स्मृतियों को साझा करेंगी।

### गीले कचरे के होम कंपोस्टिंग पर जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन



**मकरोनिया, देशबन्धु।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर पालिका मकरोनिया द्वारा निकाय क्षेत्र में जागरूकता अभियान के तहत गीले कचरे के 100 प्रतिशत होम कंपोस्टिंग पर एक बैठक कार्यशाला का आयोजन किया। रहवासियों को गीले कचरे से घर पर ही खाद बनाने की प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। कार्यशाला में बताया गया कि गीले कचरे को घर पर ही खाद में परिवर्तित करने से न केवल पर्यावरण को लाभ होगा, बल्कि सफाई मित्रों को कचरे के पृथक्कीकरण में भी आसानी होगी। प्रतिभागियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ अपने आसपास के लोगों को भी स्वच्छता बनाये रखने के लिये प्रेरित करने की शपथ दिलाई। रहवासियों से अनुरोध किया कि वे गीले कचरे का शत प्रतिशत निराकरण घर पर ही करें और मकरोनिया को स्वच्छता में नंबर 1 बनाने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर नगर पालिका के अधिकारी, स्थानीय निवासी और संबंधित संस्था के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता को बढ़ावा देना और समुदाय को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला के दौरान रहवासियों ने इस पहल को सराहा और इसे सफल बनाने के लिये सक्रिय भागीदारी का आश्वासन दिया।

### निगमायुक्त ने 1100 कर्मचारियों को डीए एरियर्स की प्रथम किस्त जारी की

**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने नगर निगम के 1100 कर्मचारियों को उनके मंहगाई भत्ता के एरियर्स की प्रथम किश्त का भुगतान किया। उल्लेखनीय है कि नगर निगम के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को शासन के निर्देशानुसार मंहगाई भत्ते के एरियस की राशि का भुगतान करने के निर्देश दिये गये थे जिसको लेकर नगर निगम कर्मचारी संघों द्वारा लगातार एरियर्स देने की मांग की जा रही थी जिसे निगमायुक्त ने मंगलवार को प्रथम किस्त की राशि का भुगतान कर दिया है।

#### महापौर एवं निगमायुक्त का आभार व्यक्त किया

मंहगाई भत्ते की प्रथम किश्त की राशि जारी किये जाने पर नगर निगम, नगर पालिका संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत एवं नगर निगम कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेन्द्र खटीक, इकाई अध्यक्ष वर्षा समद, जिला अध्यक्ष सईदउद्दीन कुरैशी, आनंद मंगल गुरू, कर्मचारी कल्याण मोर्चा की उपाध्यक्ष शकुनतला गोस्वामी, सचिव माधव प्रसाद चढ़ार, मनोज चौबे सहित समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने महापौर संगीता तिवारी, निगमायुक्त राजकुमार खत्री का आभार व्यक्त किया।

# महार रेजिमेंट सेंटर में अग्निवीरों की पासिंग आउट परेड आयोजित हुई



**सागर, देशबन्धु।** महार रेजिमेंट सेंटर में अग्निवीरों के चौथे बैच की पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। इस गौरवमयी परेड में 628 अग्निवीरों ने अपने कठोर प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद भारतीय सेना में औपचारिक रूप से शामिल होने का पहला कदम उठाया। यह आयोजन अग्निपथ योजना के तहत सेना में हो रहे परिवर्तन और युवा सैनिकों के समर्पण का प्रतीक है। अनुसुईया प्रसाद परेड ग्राउंड में आयोजित इस भव्य समारोह में वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों, गणमान्य व्यक्तियों, परिवारजनों और अन्य अतिथियों ने भाग लिया। परेड की समीक्षा ब्रिगेडियर इन्द्रदीप सिंह भल्ला, विशिष्ट सेवा मेडल, कमान्डेंट महार रेजिमेंट केंद्र द्वारा की गई। उन्होंने अग्निवीरों को संबोधित करते हुये सेना के मूल्यों, कर्त्तव्य, साहस और निःस्वार्थ सेवा को अपनाने और तकनीकी संवर्धन के साथ तालमेल बिठाने के लिये प्रेरित किया। परेड में अग्निवीरों ने अनुशासन, समर्पण और उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अग्निवीरों को पुरस्कार प्रदान किये गये। इस अवसर पर ब्रिगेडियर भल्ला ने कहा कि महार रेजिमेंट भारतीय सेना की सबसे प्रतिष्ठित रेजिमेंटों में से एक है, जो अपनी वीरता और राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता के लिये जानी जाती है। अग्निवीरों का यह चौथा बैच सेना के एक नये युग की शुरुआत का प्रतीक है। ये युवा सैनिक आने वाले समय में भारतीय सेना को मजबूती प्रदान करते हुये देश की सुरक्षा और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

### श्री गुलाब बाबा मंदिर का 17 वां वार्षिक उत्सव आरंभ



**सागर, देशबन्धु।** बुंदेलखंड के अति भव्य मंदिरों गुलाब बाबा भक्तों का श्रृद्धा का केन्द्र गुलाब शक्ति सिद्ध क्षेत्र श्री गुलाब बाबा मंदिर का 17 वां वार्षिक उत्सव मंगलवार को नरसिंहगढ़ दमोह से आईं गुलाब बाबा चरण पादुका पालिकी रथयात्रा के मंगलवार को सागर मंदिर में आगमन एवं गुलाब शक्ति पाठ पर स्थापना से शुभारंभ हुआ। हर वर्ष महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, बुंदेलखण्ड के हजारों भक्त गुलाब बाबा मंदिर के वार्षिक उत्सव में शामिल होते है। गुलाब बाबा जय के जयकारों एवं गुलाब एवं फूलों की बरसात के साथ मंगलवार को यह रथयात्रा सुबह 10.32 पर बहेरिया तिगड्डा सागर से आरंभ हुई जो मकरोनिया, सिविल लाईन, गोपालगंज, संजय ड्राइव होकर मंदिर पहुंची। पूरे यात्रा मार्ग में भक्तों एवं सामान्य जन आरती कर यात्रा में शामिल भक्तों का स्वागत किया। मंदिर में आगमन पर ट्रस्ट की ज्योति जिमी अल्मेड़ा ने आरती कर आगवानी की। संजय ड्राइव रोड पर विधायक शैलेन्द्र जैन ने चरण पादुकाओं की आरती कर उनका पूजन किया और शोभा यात्रा का स्वागत किया। मंदिर व्यवस्थापन के किरण पारासरे मामाजी एवं प्रमेन्द्र गोलू रिछारिया ने बताया कि बुधवार को हर वर्ष की तरह सागर शहर भ्रमण हेतु यात्रा सुबह 11.32 पर मंदिर से रवाना होगी एवं शाम को मंदिर प्रांगण में श्री राधे-राधे संकीर्तन मंडल की भजन संध्या होगी। इस अवसर पर प्रतिभा रामेश्वर चौबे, श्याम सोनी, सुधीर पल्या सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित थे।

# प्रधानाध्यापक का शराब और मांस का सेवन करते सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ वायरल



**बण्डा, देशबन्धु।** इन दिनों मप्र के सरकारी स्कूलों की जो तस्वीरें सामने आ रही हैं वो शर्मशार करने वाली हैं। कहीं शिक्षक शराब के नशे में स्कूल पहुंच रहे हैं तो कहीं स्कूल में शराब पीते शिक्षकों की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। ऐसे में शराबी शिक्षक कैसा भविष्य तैयार करेंगे ये बड़ा सवाल है। ताजा मामला बण्डा क्षेत्र से आया है बण्डा के शासकीय प्राथमिक शाला में पदस्थ प्रधानध्यापक सुदामा प्रसाद आठिया स्कूल के लंच के समय शराब एवं मांस का एक खेत में सेवन करते दिख रहे हैं। ऐसा ही नही शराब मांस का सेवन करने के बाद शाला पहुंचे। जहां पर ग्रामीणों ने प्रधानाध्यापक का शराब पीये वीडियो बनाया और जिसमें ग्रामीणों ने शराब के सबंध में पूछा लेकिन प्रधानध्यापक अपनी गाड़ी उठाकर कहीं निकल गए।

> प्रधानध्यापक सुदामा प्रसाद आठिया को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जवाब आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> -मंतराम अहिरवार
> विकासखंड स्त्रोत समन्वयक
> जनपद शिक्षा केन्द्र बण्डा

### बाईक चालक ने बुर्जुग व्यक्ति को मारी टक्कर, मौत



**बंडा, देशबन्धु।** बंडा सागर रोड पर भारत पेट्रोल पंप के सामने तेज रफ्तार एक बाईक चालक ने एक बुर्जुग व्यक्ति को टक्कर मार दी। जिससे बाईक चालक सहित व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी अनुसार रहली निवासी अंकित पांडे बाईक से सागर की ओर जा रहा था। भारत पेट्रोल पंप के पास रोड किनारे खड़े 53 वर्षीय जगभान लोधी पिता महीप सिंह लोधी निवासी डिलौना को बाईक चालक अंकित पांडे ने टक्कर मार दी। जिसमें जगभान लोधी और अंकित पाण्डेय गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर बण्डा थाना प्रभारी उपमा सिंह पुलिस स्टाफ के साथ पहुंची और दोनों घायलों को बंडा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से डॉक्टर ने इलाज के बाद दोनों को सागर रेफर कर दिया। सागर में एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान जगभान लोधी उम्र 53 निवासी डिलौना की मौत हो गई। जगभान की मौत के बाद पूरे ग्राम में शोक की लहर दौड़ गई।

### श्रद्धालुओं की उपस्थिति में हुई मां गंगा की आरती



**सागर, देशबन्धु।** ऐतिहासिक लाखा बंजारा झील को स्वच्छ और सुंदर बनाये रखने एवं नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जन जागरुकता लाने के उद्देश्य से निगमायुक्त राजकुमार खत्री एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में चकराघाट स्थित मनमोहक नवग्रह छतरियों के सामने भट्टो घाट पर शंख झालर, संगीत की मधुर ध्वनि एवं मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना उपरांत इस बार मंगलवार को की गई मां गंगा की आरती। उल्लेखनीय है कि अगस्त माह से लगातार प्रत्येक सप्ताह सोमवार को चकराघाट स्थित विभिन्न घाटों पर मां गंगा की आरती का आयोजन किया जा रहा है। स्मार्ट सिटी एवं नगर निगम द्वारा नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत शहर की साफ सफाई और स्वच्छ पर्यावरण हेतु नागरिकों को जागरुक कर झील को जलकुंभी से मुक्त कर स्वच्छ कर प्रदूषण से मुक्त करने का कार्य लगातार किया जा रहा है।

# वैश्य महासम्मेलन की बैठक संपन्न, धर्मेंद्र गुप्ता बने युवा जिला प्रभारी



**सागर, देशबन्धु।** वैश्य महासम्मेलन की बैठक सागर नगर एवं मकरोनिया उपनगर के पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत मां लक्ष्मी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से की गई। मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री निकेश गुप्ता ने आगामी सागर में होने वाले वैश्य कुंभ की तैयारियों की समीक्षा करते हुये कहा कि इस आयोजन से वैश्य समाज के सभी घटक जैन, सोनी, साहू, केसरवानी, गहोई, अग्रवाल, ताम्रकार, नेमा, असाटी और कलचुरी एकजुट होकर समाज के गौरव को पुनः स्थापित कर सकेंगे। निकेश गुप्ता ने बताया कि प्रदेश भर में जिलास्तरीय सम्मेलनों के पश्चात भोपाल में प्रदेशस्तरीय वैश्य कुंभ का आयोजन होगा, जिसमें लाखों वैश्य समाज के लोग एकजुटता का प्रदर्शन करेंगे। युवा प्रदेश महामंत्री सचिन जैन ने जैन समाज की अग्रणी भूमिका पर प्रकाश डालते हुये कहा कि अहिंसा के मार्ग पर चलते हुये परोपकार की भावना से समाज को मजबूत किया जा सकता है। जिला अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने जिला प्रभारी श्रेयांस जैन को आयोजन का संयुक्त प्रभारी घोषित किया और आगामी 15 दिनों तक व्यापक सदस्यता अभियान चलाने की घोषणा की। बैठक में विशिष्ट अतिथि प्रमोद सिंघई, संभागीय अध्यक्ष गिरजेश सोनी, महिला संभागीय अध्यक्ष विनीता केसरवानी और युवा संभागीय अध्यक्ष नितिन जैन सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये। बैठक के अंत में धर्मेंद्र गुप्ता को युवा जिला प्रभारी और शुभम पढ़ेले को मकरोनिया उपनगर का युवा नगर अध्यक्ष नियुक्त किया। इसके साथ ही मकरोनिया की इकाई के पुनर्गठन का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन महामंत्री अतुल ताम्रकार ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन आलोक जैन ने किया।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: पलाश सुरजन, कार्यकारी संपादक: ज़ाकिर अली*
प्रबंध संपादक डॉ. योगेश दत्त तिवारी फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in प्रेस पंजीयन- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।